महानगर नई दिल्ली शुक्रवार 23 अगस्त, 2019, रु. 5.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# चार दिन की रिमांड पर भेजे गए चिदंबरम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

आइएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार कांग्रेस नेता व पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम को गुरुवार को विशेष अदालत ने 26 अगस्त तक के लिए सीबीआइ रिमांड में भेज दिया। जांच एजंसी ने उनकी पांच दिनों की रिमांड मांगी थी। उसका तर्क था कि चिदंबरम से पूछताछ से बड़ी साजिश का खुलासा हो सकता है। दोनों पक्षों में हुई डेढ़ घंटे की बहस के बाद अदालत ने आधे घंटे के लिए अपना फैसला सुरक्षित रखा और फिर शाम, साढ़े छह बजे, जांच एजंसी की दलीलों से सहमति जताते हुए जज ने चिदंबरम की सीबीआइ रिमांड मंजूर कर ली।

जज ने कहा, 'साक्ष्यों एवं परिस्थितियों पर विचार करते हुए अदालत का मानना है कि सीबीआइ रिमांड उचित है।' अदालत ने यह भी कहा है कि सीबीआइ यह सुनिश्चित करे कि पूछताछ के दौरान चिदंबरम की व्यक्तिगत गरिमा का किसी भी तरीके से हनन न हो। साथ ही यदि धन का लेनदेन हुआ, तो उसका पता लगाए। यह मामला दस्तावेजी साक्ष्यों पर आधारित है, लिहाजा उन दस्तावेजों का पता लगाए। अदालत बाकी पेज 8 पर



*पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम गुरुवार को सीबीआइ की अदालत में। उन्हें चार दिन की सीबीआइ रिमांड में भेज दिया गया है।*

## शीर्ष अदालत करेगी चिदंबरम की याचिका पर सुनवाई

नई दिल्ली, 22 अगस्त (भाषा)।

न्यायमूर्ति आर भानुमति की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ शुक्रवार को कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की याचिका पर सुनवाई करेगी। पीठ में भानुमति और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना शामिल हैं। इस याचिका में चिदंबरम ने आइएनएक्स मीडिया मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली के फैसले को चुनौती दी है।

# 'एक अच्छा अधिकारी चमत्कार कर सकता है... सुशासन लोकतंत्र की रीढ़ है'


### पहला एक्सप्रेस एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवॉर्ड्स

### उत्कृष्ट 15 डीएम को मिला पुरस्कार

नई दिल्ली, 22 अगस्त (ईएनएस)।

कश्मीर घाटी में बच्चों के स्कूल जाने के लिए पुलिया निर्माण से लेकर गुजरात में बाढ़ की चेतावनी प्रणाली तक, जिससे जान-माल का नुकसान थमा, छत्तीसगढ़ में जिला अस्पतालों के उन्नयन से लेकर हिमाचल का एक गांव जहां कूड़े के ढेर अब नया पार्क बन गया है- बुधवार की शाम एक्सप्रेस एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवॉर्ड्स में जिला मजिस्ट्रेटों द्वारा रचित इस तरह के बदलाव का जश्न मनाया गया। इस द्विवार्षिक आयोजन में देश के डीएम के सर्वोत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया जाता है।

अवॉर्ड्स समारोह में शामिल हुए केंद्रीय सड़क यातायात एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी



नितिन गडकरी



रवि शंकर प्रसाद



रामविलास पासवान



डॉ जितेंद्र सिंह

ने कहा कि 'कामकाज का लेखा-जोखा' भले ही जरूरी हो, एक 'अच्छा अधिकारी चमत्कार कर सकता है।' गडकरी के अलावा इस आयोजन में विशेष अतिथि थे खाद्य एवं जन वितरण मंत्री रामविलास पासवान, केंद्रीय विधि, संचार एवं सूचना तकनीक मंत्री रविशंकर प्रसाद, प्रधानमंत्री कार्यालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह और केंद्रीय रेलवे, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल। कृषि से लेकर शिक्षा एवं तकनीक से लेकर महिला विकास तक 16 श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। 24 राज्यों के 84 जिलों से मिलीं 249 प्रविष्टियों में से विजेताओं को चुना गया।

गडकरी ने कहा, 'सुशासन एवं विकास सरकार के दो महत्त्वपूर्ण एजंडा होते हैं... और जहां तक सुशासन का सवाल है, जिला कलेक्टर की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। पुरस्कार से हमारे प्रशासन की रीढ़ जिला मजिस्ट्रेटों को अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलेगी। इससे नया भारत बनेगा, जो हमारे प्रधानमंत्री का सपना है। प्रशासक के लिए सकारात्मक रवैया, लीक से हट कर सोच, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और टीम वर्क की जरूरत होती है। और अगर एक अधिकारी अपने प्रदर्शन के लेखा-जोखा के आधार पर बेहतर है, तो वह चमत्कार कर सकता है... सामाजिक चेतना, टीम वर्क और तुरंत निर्णय लेना जरूरी होता है।'

NxtGen Infinite Datacenter presents The Indian EXPRESS EXCELLENCE IN GOVERNANCE AWARDS

पासवान ने इन पुरस्कारों को 'बेहतर कार्य करने के लिए प्रशासकों के लिए एक प्रेरणा' बताया। पासवान ने कहा, 'एक जिला मजिस्ट्रेट... उन इलाकों में जाता है जहां सबसे गरीब रहते हैं और उनकी समस्याएं दूर करता है। कोई भी सामाजिक परिवर्तन दिल बाकी पेज 8 पर

## सुनील गौड़ सेवानिवृत्त



**आइएनएक्स** मीडिया भ्रष्टाचार मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर पूर्व वित्त मंत्री की गिरफ्तारी का मार्ग प्रशस्त करने वाले न्यायमूर्ति सुनील गौड़ गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गए। न्यायमूर्ति गौड़ ने नेशनल हेरल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं के अभियोजन की भी राह तैयार की थी। न्यायमूर्ति गौड़ को अप्रैल 2018 में पदोन्नत कर हाई कोर्ट में नियुक्त किया गया था। उन्हें 11 अप्रैल, 2012 को स्थायी न्यायाधीश नामित किया गया। उन्होंने कई अन्य हाई प्रोफाइल मामलों की सुनवाई की। उन्होंने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में कांग्रेस नेता एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी की अग्रिम जमानत नामंजूर कर दी।



**अंतरिक्ष** एजंसी इसरो ने भारत के चंद्रयान-2 उपग्रह से ली गई चंद्रमा की पहली तस्वीर गुरुवार को जारी की। इसरो ने तस्वीर के साथ ट्वीट किया, 'चंद्रयान-2 , विक्रम लैंडर की ओर से कैद की गई चंद्रमा की पहली तस्वीर देखिए जो 21 अगस्त, 2019 को चंद्रमा की सतह से 2,650 किलोमीटर की ऊंचाई से ली गई है।



**प्रवर्तन** निदेशालय के अधिकारियों ने गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे से पूछताछ की।

यह कारवाई कोहिनूर सीटीएनएल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में आइएल एंड एफएस द्वारा 450 करोड़ रुपए की इक्विटी निवेश और कर्ज से जुड़ी है।

पेज 5






# यमुना के जलस्तर में गिरावट जारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

यमुना नदी का जल स्तर हर घंटे घट रहा है। शाम करीब छह बजे यमुना नदी का जलस्तर गिरकर 204.88 मीटर तक गया था। बाढ़ एवं नियंत्रण विभाग के मुताबिक दिल्ली के लिए और अतिरिक्त पानी छोड़ने का कोई पूर्वानुमान नहीं है। इसलिए अब स्तर में लगातार गिरावट दर्ज हो रही है। दोपहर में नदी का जलस्तर 205.33 तक पहुंच गया था जबकि सुबह 10 बजे रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर 206.60 मीटर था।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुबह यमुना का जलस्तर 206.60 मीटर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया और करीब सात घंटे तक ऐसा ही रहा। दोपहर से नदी का जलस्तर कम होने लगा और शाम छह बजे 206.44 मीटर पर आ गया। सोमवार को यह खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर गया था। अधिकारियों के मुताबिक जल स्तर में गिरावट के बाद किसी भी परेशनी की कोई खबर सामने नहीं आई है। बाढ़ पर मोटर बोट की मदद से नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त यमुना खादर क्षेत्र में जो लोग रह रहे थे। उन्हें भी समय रहते बाहर निकाल दिया गया।

इनके लिए दिल्ली सरकार की तरफ से टैंट उपलब्ध कराए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बाढ़ की आशंका वाले इलाकों में रह रहे करीब 23,000 प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। इनमें से 18,000 से अधिक लोगों को दिल्ली सरकार की एजंसियों की ओर से बनाए गए 2700 से अधिक राहत शिविरों में रखा गया है। आपात स्थिति में फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए कुल 35 नौकाओं को तैनात किया गया है।

## जन्माष्टमी के मौके पर मंदिरों के आसपास सुरक्षा बढ़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

जन्माष्टमी के ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा इंतजामों की पूरी तैयारी की है। हर इलाके के जिला पुलिस उपायुक्त और एसीपी स्तर के अधिकारी मंदिर प्रशासन के साथ बैठक कर उचित दिशा-निर्देश दे रहे हैं। बिरला मंदिर, ईस्ट ऑफ कैलाश और पंजाबी बाग में स्थित इस्कॉन मंदिर, झंडेवालान मंदिर, कालकाजी मंदिर, प्रीत विहार स्थित कृष्णा मंदिर और यमुना बाजार नीली छतरी वाला मंदिर समेत स्थानीय मंदिरों में पुलिस के हजारों जवान तैनात किए जाएंगे। कई जगहों पर मंदिरों में मेटल डिटेक्टर फ्रेम से होकर ही प्रवेश किया जाएगा। भीड़ पर नजर रखने के लिए मचान व मोर्चा भी बनाए गए हैं। साथ ही ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि सुरक्षकर्मी वहां की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

## अपनी मांगों को लेकर केंद्रीय मंत्री निशंक से मिले शिक्षक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक से भेंट कर शिक्षा और शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं का मांगपत्र सौंप कर शीघ्र समाधान की मांग की गई। करीब दो घंटे तक चली बैठक में महासंघ की ओर से प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा संवर्ग की अलग-अलग मांगों को विस्तृत औचित्य के साथ मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मीडिया प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष प्रोफेसर जेपी सिंहल एवं महामंत्री के अलावा संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, सह संगठन मंत्री ओमपाल सिंह, उच्च शिक्षा संवर्ग प्रभारी महेंद्र कुमार, अतिरिक्त महामंत्री डॉक्टर निर्मला यादव, उपाध्यक्ष डॉक्टर कल्पना पांडे प्रोफेसर प्रग्नेश शाह आदि शामिल थे।

## जेएनयू छात्र संघ : विद्यार्थी परिषद ने चुनाव समिति बनाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में छात्र संघ चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने चुनाव के लिए चुनाव समिति की घोषणा कर दी है। चुनाव समिति की घोषणा करते हुए जेएनयू इकाई अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने कहा कि इस बार एबीवीपी चुनाव केवल जेएनयू परिसर का सबसे बड़ा छात्र संगठन बनने के लिए नहीं लड़ रहा है, बल्कि यह चुनाव जीतने की लड़ाई है।चुनाव समिति में ललित पांडेय को मुख्य प्रचार संयोजक और चुनाव समिति सदस्य के रूप में निधि त्रिपाठी, अणिमा सोनकर, दुर्गेश कुमार, वैलेंटिना ब्रह्मा और विजय कुमार नियुक्त किया गया।

## एबीवीपी ने डूसू चुनाव के लिए दस संभावित उम्मीदवारों की घोषणा की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए 10 छात्र नेताओं के नाम घोषित कर दिए हैं। इन्हीं में से किन्हीं चार छात्र नेताओं को डूसू चुनाव में एबीवीपी अंतिम प्रत्याशी घोषित करेगा।

इन छात्र नेताओं में तुषार डेढ़ा, योगित राठी, साहिल मलिक, अक्षित दहिया, सचिन, वरुण रेक्सवाल, प्रदीप तंवर, शिवांगी खरवाल, जयदीप मान और मानसी चौहान शामिल हैं। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव ने कहा कि डूसू चुनाव में हम पूरी मजबूती के साथ अपना पक्ष छात्रों के बीच लेकर जाएंगे। शुक्रवार से ये प्रत्याशी कॉलेज परिसरों में जाएंगे और वहां विद्यार्थियों को पिछले एबीवीपी नीत डूसू की उपलब्धियां बताएंगे। इस साल के मुद्दे उनके सामने रखेंगे। साथ ही साथ हमारे कार्यकर्ता घोषणापत्र पर भी विद्यार्थियों की राय पता करेंगे। हम शीघ्र ही डूसू चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेंगे।






| मौसम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| *तापमान* | नोएडा | गाजियाबाद | गुरुग्राम | फरीदाबाद |
| अधिकतम | 35.2 डि.से. | 35.2 डि.से. | 35.0 डि.से. | 35.0 डि.से. |
| न्यूनतम | 24.5 डि.से. | 24.5 डि.से. | 24.5 डि.से. | 24.7 डि.से. |



# नदी ने की घर वापसी तो सड़क पर आई गृहस्थी

अरुष चोपड़ा
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

दिल्ली-नोएडा लिंक रोड पर अक्षरधाम मंदिर के पास सड़क किनारे जल रहा चूल्हा और तवे पर सिकती रोटी की सोंधी सुगंध। सूरज की रोशनी से चमकता ड्रेसिंग टेबल का शीशा और उसकी खुली दराज में रखी कंघी व सजने-संवरने का सामान। तेज वाहनों के शोर के बीच खुली सड़क पर यह गृहस्थी है उन लोगों की जो यमुना किनारे रह कर मौसमी सब्जियों की खेती करते हैं। भादों की बरसात के बाद उफनाई यमुना के पानी का प्रवेश इनके घरों में हो चुका है इसलिए पानी उतरने तक इन्होंने सड़क किनारे अपना आशियाना बनाया है। सरकार ने टेंट लगवाए हैं जो इनके हिसाब से नाकाफी हैं। वहीं, सरकारी महकमे का कहना है कि टेंट पर्याप्त हैं, लोग ही नहीं आ रहे।

करीब सोलह साल की पूजा सड़क पर लाल मिर्च और लहसुन सुखा रही थी। पूजा ने बताया कि उसका घर एकदम यमुना के छोर पर है और अभी उसमें पानी घुस आया है। पूजा का परिवार उत्तर प्रदेश से सात साल पहले यहां आया था और ठेके पर जमीन लेकर सब्जियों की खेती कर रहा है। पूजा अपनी घर की तरफ उंगली से इशारा करते हुए कहती है कि देखने से तो दिख रहा है लेकिन सड़क से उतर कर वहां तक जाने में आधे घंटे लगते हैं। दो दिन पहले उसके घर में पानी घुस आया था तो उसका परिवार गृहस्थी के साथ सड़क किनारे आ गया। पूजा अपने तीन भाई-बहन और मां के साथ काम कर रही थी। उसने बताया कि उसका परिवार ग्यारह लोगों का है।

पूजा की खुली गृहस्थी से सटे ही तेजपाल पतलून पहन कर सड़क के किनारे खड़ा था। उसने बताया कि उसका बारह लोगों का परिवार है। उसकी पत्नी के बगल में उसके चार बच्चे भी खड़े थे। तेजपाल भी उत्तर प्रदेश के गांव से पंद्रह साल पहले आया था और यहां खेती करता है। क्या खेती से इतने बड़े परिवार का गुजर-बसर हो जाता है, इस सवाल के जवाब में उसने कहा कि हां, गुजारे लायक तो हम कमा लेते हैं। तेजपाल ने कहा कि हमारा बारह लोगों का परिवार है और हमें सरकार की ओर से लगाया गया टेंट


सभी फोटो : अरुष चोपड़ा





भी नहीं मिला और टेंट की जगह थोड़ी दूर है। अगर सारा सामान उठा कर उधर ले गए और टेंट नहीं मिला तो क्या करेंगे। यहां सामान चोरी होने का बहुत डर रहता है इसलिए बहुत इधर-उधर नहीं जा सकते। उसने कहा कि दिन तो कामकाज में किसी तरह कट जाता है लेकिन रात को खुली सड़क पर सोने में डर लगता है कि पता नहीं कब कोई बेपरवाह गाड़ी चालक हमें परिवार सहित कुचल दे।

सड़क किनारे अपनी गृहस्थी की निगरानी कर रहे राकेश का भी यही कहना था कि टेंट इतनी दूर है, अपना सारा सामान उठा कर कौन उधर ले जाएगा। चलती सड़क पर कौन, कब आपका सामान लेकर चलता बने कुछ कहा नहीं जा सकता है। टेंट के बारे में उसने कहा कि आप बस इतना समझिए कि सौ में से एक के लिए इंतजाम किया गया है। साइकिल पर अपनी बीवी के साथ जा रहे धर्मवीर ने बताया कि वे 2013 में दिल्ली आए थे और यहां काम शुरू किया था। उस वक्त भी यही हाल था और हमें यमुना का पानी उतरने तक खुली सड़क पर रहना पड़ा था। धर्मवीर ने कहा कि अभी उसके घर में पानी नहीं घुसा है लेकिन उसने एहतियातन घर खाली कर दिया है। कुछ लोगों ने जुगाड़ू रिक्शे का इंतजाम कर रखा है जिससे वे अंदर की तरफ और टेंट की तरफ जाकर खाना ला सकें। यमुना के पानी के उफान को देखते हुए उसने कहा कि यमुना की गोद में घर बसाया है और वही हमें खाना भी देती है। बरसात में तो नदी अपने घर में आ जाती है इसलिए हमें उनका कब्जा किया घर छोड़ना पड़ता है। जिंदगी यूं ही कटती है। नदी रोटी भी देती है और कभी-कभी रुला भी देती है।

### संत रविदास मंदिर पर विधानसभा में हुआ जमकर हंगामा, दिल्ली सरकार ने दिया प्रस्ताव

# जमीन के आबंटन पर अध्यादेश लाए केंद्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

संत रविदास मंदिर तोड़ने के मामले में गुरुवार को विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव दिया है कि जमीन के आबंटन के लिए केंद्र सरकार अध्यादेश लेकर आए और संबंधित जमीन का आबंटन मंदिर समिति को किया जाए। जमीन आबंटन के बाद दिल्ली सरकार इस जगह पर एक भव्य मंदिर बनाएगी। इस संकल्प को विधानसभा ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। हंगामे की वजह से विधानसभा को तीन बार स्थगित करना पड़ा। सदन व्यवस्थित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष राम निवास के गोयल ने मंदिर तोड़फोड़ मामले में चर्चा की अनुमति दी। आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों ने इस मामले में दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी के षंडयत्र का आरोप लगाया है।

**विधायक ने कपड़े फाड़ कर जताया विरोध**

मंदिर तोड़ने के मामले में 'आप' विधायकों ने केंद्र सरकार को दोषी ठहराया है और इस मंदिर को सीधे अयोध्या के राम मंदिर से जोड़ने की कोशिश की। 'आप' विधायक अजय दत्त ने अपने कपड़े फाड़कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस मामले में प्रस्ताव विधायक विशेष रवि लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि जब डीडीए का दस्ता तुगलकाबाद में पहुंचा था। उस समय वहां पर सत्संग चल रहा था। दो घंटे में पहले समाधि वाला कमरा और बाद में आसपास का क्षेत्र तोड़ा गया, इसका सभी लोगों ने विरोध किया था। कार्यवाही में मंदिर की मुख्य प्रतिमा समेत अन्य प्रतिमाएं भी तोड़ी गई थीं। इस मंदिर का एक दरवाजा भी सील किया था। यह एक ऐतिहासिक मंदिर है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में कोर्ट, डीडीए व शहरी विकास मंत्रालय का रुख दुर्भाग्यपूर्ण रहा। केंद्र सरकार ने इस मामले का समर्थन नहीं किया और इसका गलत तरीके से निपटारा किया। जिस वजह से ऐसे हालात बने।

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बताया मंदिर ने डीडीए की जमीन पर कोई कब्जा नहीं किया गया है। मंदिर समिति 1948 में पंजीकृत हुई है। इस जमीन के मामले में सभी प्रमाण उपलब्ध हैं और कोर्ट से तथ्य को छुपाया गया है। उन्होंने कहा कि मंदिर को तोड़ना मामले में दलितों के प्रति भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। नेताओं ने इस मामले को अध्योध्या के राम मंदिर से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मामले में कहा जा रहा है कि आस्था ही प्रमाण है लेकिन दक्षिणी दिल्ली के इस मंदिर मामले में अलग नजरिया रखा जा रहा है। इस मामले में पहले भी केंद्र सरकार से पत्राव्यवहार भी किया गया था लेकिन इसका केंद्र सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। 'आप' पार्टी के अन्य विधायकों ने भी इस प्रस्ताव क समर्थन किया।

**मंदिर की पांच एकड़ जमीन दे केंद्र तो हम 100 एकड़ दे देंगे : केजरीवाल**

संत रविदास मंदिर मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मंदिर की 5 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को मंदिर समिति को सौंप देनी चाहिए। यह जमीन लोगों की आस्था से जुड़ी हुई है और यह जमीन केंद्र सरकार की ओर से मंदिर को दे दी जाती है तो इस जमीन के विकल्प के तौर पर 100 एकड़ जमीन दे देगी। इसके अतिरिक्त इस जमीन को दिल्ली सरकार एक बड़े वन क्षेत्र में भी विकसित कर देगी। अब तक इस जमीन के वन क्षेत्र में होने का हवाला देते हुए ही इस जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अंजाम दी गई थी।

## हिंसक प्रदर्शन के बाद परेशान इलाके के लोग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

संत रविदास का मंदिर तोड़े जाने के मामले को लेकर विभिन्न संगठनों की ओर से किया गया विरोध प्रदर्शन बुधवार देर रात अधिक हिंसक हो गया था। इस प्रदर्शन के बाद भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर उर्फ रावण समेत 96 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। बुधवार देर रात हुई इस हिंसा से आसपास के इलाके में रहने वाले डरे और सहमे हुए हैं। तुगलकाबाद एक्सटेंशन, गोविंदपुरी, तारा अपार्टमेंट, क्राउन प्लाजा और ओखला में रहने वाले लोगों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ है। गोविंदपुरी में रहने वाले राम बीर सिंह ने बताया कि उन्हें इसका बिल्कुल भी आभास नहीं था कि इतनी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी अचानक से इलाके में पहुंच जाएंगे और विरोध करने पर तोड़फोड़ और वाहनों को क्षति पहुंचाने लगेंगे। वहीं, तारा अपार्टमेंट में रहने वाले संतोष का कहना था कि वह अपने दफ्तर से घर लौट रहे थे, तभी इलाके में लगे जाम में फंस गए। काफी मशक्कत के बाद वह घर पहुंचे, जिसके बाद इलाके में प्रदर्शनकारियों ने बवाल शुरू कर दिया।

वहीं, कमला नामक एक महिला ने बताया कि इलाके में मंदिर गिराए जाने के बाद शांति का महौल बना हुआ था।


भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद को अदालत ले जाते हुए पुलिसकर्मी।

दिल्ली के अलावा, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों से भी संत गुरु रविदास को मामने वाले श्रद्धालु आए थे। कमला की मांग है कि मंदिर की काफी मान्यता है। वह भी चाहती है कि मंदिर दोबारा से मंदिर बनाया जाए और उसी स्थान पर बनाया जाए, जहां पर पहले से मंदिर था।

### पिता पर बेटी की सहेली से छेड़छाड़ का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 अगस्त।

सेक्टर-93 स्थित जेजे कॉलोनी में बाथरूम में नहा रही सहेली के साथ छेड़छाड़ करने पर लड़की ने अपने पिता के खिलाफ मामला दर्ज करावाया। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर 93 जेजे कॉलोनी में एक लड़की अपने मां-बाप के साथ रहती है। कुछ दिनों पहले ही पश्चिम बंगाल में रहने वाली उसकी सहेली उसके साथ रहने के लिए आई थी।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।**

**आवश्यक सूचना**

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड राँची क्रिमिनल अपील संख्या– D.B No. 324/2001 से संबंधित रायडीह थाना कांड सं0 19/1995, धारा 302/34 भा0द0वि0 के फरार अभियुक्त रविन्द्र साहु पिता स्व0 किशुन साहु, सा0 बिरकेरा, थाना रायडीह वर्तमान थाना सुरसांग, जिला गुमला की खोज-बीन माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड राँची के आदेशानुसार रायडीह थाना के पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है। इस नोटिस के माध्यम से फरार अभियुक्त रविन्द्र साहु पिता स्व0 किशुन साहु, सा0 बिरकेरा, थाना रायडीह वर्तमान थाना सुरसांग, जिला गुमला को सूचित किया जाता है कि आप इस समाचार प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर रायडीह थाना में उपस्थित हों अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से क्रिमिनल अपील संख्या– D.B No. 324/2001 के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड राँची में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिसे अब तक ना समझे, वो कहानी हूँ मैं, मुझे बर्बाद मत करो पानी हूँ मैं।
बूंद - बूंद नहीं बरतेंगे तो बूंद को तरसेंगे

पुलिस अधीक्षक
गुमला।

PR 215026 (Police) 19-20 (D)

# एनएसयूआइ नेता ने सावरकर की प्रतिमा पर कालिख पोती

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने तथाकथित रूप से बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) अध्यक्ष शक्ति सिंह की ओर से विश्वविद्यालय में स्थापित विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा पर कालिख पोत दी। इतना ही नहीं लाकड़ा ने प्रतिमा को जूतों की माला भी पहनाई। मंगलवार को शक्ति सिंह की ओर से कला संकाय के बाहर सावरकर के साथ भगत सिंह और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।

लाकड़ा के मुताबिक, उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ आधी रात को परिसर में पहुंचकर सावरकर की प्रतिमा पर कालिख पोत दी। इस दौरान उन्होंने 'भगत सिंह अमर रहें और बोस अमर रहें के नारे भी लगाए। उन्होंने कहा कि बोस और सिंह के साथ ही सावरकर की प्रतिमा कैसे लगाई जा सकती है, वह भी रातोंरात। यही वजह है कि हमें मामले को अपने हाथ में लेना पड़ा। विश्वविद्यालय प्रशासन भी इस मामले में चुप्पी साधे था। विश्वविद्यालय एबीवीपी के इशारों पर काम कर रहा है। लाकड़ा ने कहा कि गुरुवार को मुझे कई नंबरों से फोन आ रहे हैं और लगातार धमकी दे रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में दिल्ली पुलिस को शिकायत भी दी है।

इस बीच सूत्रों ने बताया कि डीयू की प्रॉक्टर नीता सहगल ने डूसू के पूर्व अध्यक्ष शक्ति सिंह को बुधवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और प्रशासन से अनुमति लिए बिना प्रतिमा स्थापित करने पर 24 घंटे में जवाब मांगा है। शक्ति सिंह का डूसू के अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल 21 अगस्त को समाप्त हो गया है। अगले चुनाव 12 सितंबर को होने हैं।



**एबीवीपी ने की निंदा**

एबीवीपी की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में वीर सावरकर की प्रतिमा का एनएसयूआइ ने निरादर किया है, वह जघन्य कृत्य है और क्षुद्र राजनीतिक हित की यह हरकत भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी को लेकर कांग्रेस की सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी विद्यार्थियों को एनएसयूआइ और इसके मूल संगठन की इस नकारात्मक विचारधारा से अवगत कराएगी। चौधारी ने कहा कि इस खेदजनक हरकत की पृष्ठभूमि में एबीवीपी प्रशासन से स्वतंत्रता सेनानी का अपमान करने में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील करती है।

**शक्ति सिंह ने भी दी पुलिस को शिकायत**

डूसू के निर्वतमान अध्यक्ष शक्ति सिंह ने दिल्ली पुलिस को प्रतिमा पर कालिख पोतने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शिकायत दी है। शिकायत में कहा गया है कि एनएसयूआइ से जुड़े एक नेता ने वीर सावरकर की प्रतिमा पर कालिख पोती है जो विद्यार्थियों की भावनाओं को भड़काने वाली कार्रवाई है। इसलिए दिल्ली पुलिस से अनुरोध किया गया है कि इस कृत्य को करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## जिला प्रशासन की तर्ज पर नोएडा प्राधिकरण ने 58 भूमाफिया चिह्नित किए

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 22 अगस्त।

जिला प्रशासन की तर्ज पर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने वाले 58 भूमाफिया चिन्हित कर काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में डाल दिए हैं। इन सभी के कब्जे वाली जमीन का ब्यौरा एकत्रित किया जा रहा है, जिसके बाद बड़े स्तर पर कार्यवाही कर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस ब्यौरे को वर्कल स्तर पर तैयार किया जा रहा है।

नोएडा की कई लाख वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले इन भूमाफिया के साथ कौन-कौन अधिकारी शामिल रहे, उनके बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इसकी भी पड़ताल की जा रही है कि जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज होने के बाद भी अवैध निर्माण ध्वस्त क्यों नहीं किया गया। इसके सबूत के तौर पर प्राधिकरण अब तक विभिन्न थानों में दर्ज प्राथमिकी रिपोर्ट भी खंगाल रहा है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद की कार्यवाही को भी ब्यौरे में लिखा जाएगा। अब तक चिन्हित कुल 58 भूमाफिया चिन्हित हुए हैं।

नोएडा के सभी 10 वर्क सर्कल प्रभारियों को यह सूची भेजी गई है जिनके नाम काली सूची में डाले जाएंगे। जमीन के अधिग्रहण की तारीख और उसके बाद कब्जा करने में मदद करने वाले तत्कालीन अधिकारियों की भी सूची बनेगी।

## खबरों में शहर

### 'रोटी बैंक' के जरिए जरूरतमंदों तक पहुंचेगा भोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

राजधानी के शालीमार बाग स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित रोटी बैंक कार्यशाला में 'मिलजुल मील योजना' की घोषणा की गई। भारत को भूख मुक्त बनाने के संकल्प के साथ राजकुमार भाटिया द्वारा शुरू किए गए 'रोटी बैंक' के माध्यम से राजधानी के 50 स्कूलों की मदद से जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

मॉर्डन पब्लिक स्कूल में रोटी बैंक कार्यशाला का संचालन जैसमीन भाटिया ने किया। इस मौके पर स्कूल की प्रचार्या अलका कपूर ने रोटी बैंक के महत्त्व पर प्रकाश डाला जबकि राजकुमार भाटिया ने सहयोगी स्कूलों को पशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि समाज के लिए कार्य करना आसान नहीं है लेकिन असंभव भी नहीं है।

### जीएसटी रिटर्न 31 अक्तूबर तक बढ़ाया जाए : कैट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजे गए एक पत्र में अखिल भारतीय व्यापारी महासंग (कैट) ने फॉर्म जीएसटी 9 में वार्षिक जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के लिए अंतिम तिथि बढ़ाने का आग्रह किया है। यह रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2019 है। कैट के अध्यक्ष बी सी भरतिया और महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए निर्धारित फार्म जीएसटी 9 अभी भी बहुत जटिल है। फॉर्म में मांगी गई कई जानकारियां पूरी तरह से नई होने के कारण विभिन्न कंपनियों के जीएसटी सॉफ्टवेयर में शामिल नहीं है। अब उनका संकलन करना एक बड़ा काम है इसलिए व्यापारियों के सभी प्रयासों के बावजूद यह फॉर्म भरना मुश्किल है।

### बारिश से मौसम बना सुहाना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

राजधानी में गुरुवार को उमस के बाद कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। इससे मौसम सुहावना होने से लोगों को राहत मिली। दिल्ली में हुई बारिश ने लोगों को तेज गर्मी से राहत दिलाई है। इधर काफी दिनों से लोगों को गर्मी व उमस से जूझना पड़ रहा था। तापमान 35 डिग्री से उपर ही चल रहा है। जिमसें उच्च स्तर की नमी मिल जाने से लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। बुधवार को जहां पारा 36 डिग्री पर पहुंच गया था वहीं बारिश से यह गिर कर 26 पर आ गया। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहा। 25 और 26 अगस्त को दिल्ली में ठीकठाक बारिश देखने को मिल सकती है।

### शोरूम मालिक की पिटाई, तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

पंजाबी बाग में एक युवक की कार में पहले तो कार चालक ने टक्कर मारी, बाद में रुपए देकर वह चला गया। अपना शोरूम बंद कर पीड़ित युवक जाने की तैयारी कर ही रहा था कि देर रात आरोपी युवक ने अपने दोस्तों के साथ उसकी जमकर पिटाई कर दी। आरोपी युवक उसे तब तक पीटते रहे, जब तक पीड़ित बेहोश नहीं हो गया और जमीन पर गिर नहीं गया। जाते-जाते बदमाश शोरूम में रखे करीब 15 रुपए लेकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह इस मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रभोजीत सिंह, प्रीत सिंह और गगन सहगल को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती छानबीन में पता चला है कि आरोपियों को यह पता ही नहीं था कि पूरा घटनाक्रम शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रहा है।

## आज के कार्यक्रम

### सभा संगोष्ठी

**डॉ बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय :** विश्वविद्यालय के धीरपुर और रोहिणी परिसरों की आधारशिला कार्यक्रम, धीरपुर, सुबह 11 बजे से।

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** जलियावाला बाग हत्याकांड पर चर्चा, सभागार -1, मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

**छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण एवं शिक्षा प्रचार समिति :** श्रीमद भागवद कथा, झील पार्क, वेलकम मैट्रो, शाहदरा, दोपहर तीन बजे।

### प्रदर्शनी

**इंडिया इंटरनेशनल सेंटर :** दिल्ली के कलाकार आनंद नारायण की बनारस पर कला प्रदर्शनी, एनेक्स आर्ट गैलरी, मैक्समूलर मार्ग, सुबह 11 बजे से, 27 अगस्त तक।

**कलागिरी आर्ट्स एंड क्राफ्ट संस्था :** मेगा आर्ट फेस्टिवल में डूडल कलाकार शांतनु हजारिका, कलाकार संजय कुमार आएंगे, सेक्टर- 16ए।

जनसत्ता



# गिरफ्तारी और सियासत

पूर्व वित्तमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम की गिरफ्तारी के बाद सियासी सरगर्मी कुछ बढ़ गई है। गिरफ्तारी के तरीके और अदालत के निर्देश पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। कांग्रेस और विपक्षी दल इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं। आपातकाल के बाद शायद इस तरह किसी बड़े नेता की गिरफ्तारी नहीं हुई। पी. चिदंबरम पर आरोप है कि उन्होंने वित्तमंत्री रहते हुए कम से कम चार मामलों में रिश्वत लेकर संबंधित कंपनियों को लाभ पहुंचाया। इसमें उनके बेटे कार्ति चिदंबरम की कंपनी और कुछ अन्य फर्जी कंपनियों के जरिए रिश्वत के पैसे लिए गए और कुछ भारतीय कंपनियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को मंजूरी दी गई। उनमें आइएनएक्स मीडिया कंपनी प्रमुख है, जिसे इंद्राणी मुखर्जी और उनके पति पीटर मुखर्जी चलाते थे। इस मामले में सीबीआई ने काफी छानबीन की और चिदंबरम के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया। उसकी एफआईआर में चिदंबरम का नाम नहीं था, पर अदालत ने उन्हें मुख्य आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर पूछताछ करने का निर्देश दिया। अदालत ने इसे स्पष्ट करते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि जिसके खिलाफ मामला दर्ज हो उसे ही आरोपी माना जाए, पीछे रह कर संचालन करने वाले को ज्यादा दोषी माना जाना चाहिए। इसी आधार पर चिदंबरम को गिरफ्तार किया गया।

हालांकि सीबीआई के उन्हें गिरफ्तार करने के तरीके को लेकर भी कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं। जब सीबीआई के अधिकारी उनके घर पहुंचे, तो चिदंबरम ने उनके साथ सहयोग नहीं किया। कई घंटे तक वे सीबीआई के सामने नहीं आए। कांग्रेस के दफ्तर में प्रेस वार्ता करके उन्होंने सफाई दी कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वे कानूनी रास्ते तलाश रहे थे। फिर जब न्यायालय ने इस मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया, तो सीबीआई की सक्रियता तेज हो गई। आखिरकार बुधवार की रात को कुछ अधिकारी दीवार फांद कर चिदंबरम के घर में दाखिल हुए और उन्हें गिरफ्तार किया।

इस घटना के बाद कांग्रेस कहते नहीं थक रही कि भाजपा सरकार बदले की भावना से काम कर रही है। वह अपने सभी विरोधियों पर शिकंजे कस रही है। इसके लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय, पुलिस जैसी संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर रही है। इन मुद्दों को लेकर वह देशव्यापी अभियान छेड़ने के लिए भी कमर कस रही है। पर सवाल है कि राजनेता अपने ऊपर लगे आरोपों से बचने के लिए कानूनी रास्ते निकालते रहते हैं, हर तरह से अदालतों और जांच एजेंसियों को गुमराह करने की कोशिश करते रहते हैं, वह कहां तक उचित है! इस मामले में अदालत का कहना है कि पी. चिदंबरम और उनके बेटे ने कभी अपेक्षित सहयोग नहीं किया। वे लगातार अग्रिम जमानत लेकर कानूनी शिकंजे से बचते चले आ रहे थे। क्या एक सामान्य नागरिक को इस तरह कानूनी कार्रवाई से बचते रहने की छूट मिल सकती है! फिर चिदंबरम खुद देश के जिम्मेदार पदों का निर्वाह कर चुके हैं, उनसे कानूनी कार्रवाई में मदद की अपेक्षा की जाती थी। मगर वे जिस तरह गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपते फिर रहे थे, उस पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जहां तक सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग की बात है, कांग्रेस खुद इस आरोप से मुक्त नहीं है। भ्रष्टाचार के मामलों में अपनी खाल बचाने के लिए जब राजनेता और राजनीतिक दल सियासी चालें चलते हैं, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया कमजोर ही होती है।

# रैगिंग का रोग

उत्तर प्रदेश में सैफई चिकित्सा विश्वविद्यालय में हुई रैगिंग के मामले ने एक बार फिर यही साफ किया है कि कुछ लोगों के भीतर न केवल खुद को श्रेष्ठ मानने की ग्रंथि इस कदर हावी है कि वे ऐसा करते हुए कानूनों की भी परवाह नहीं करते। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के करीब डेढ़ सौ विद्यार्थियों का सिर मुंड़ा कर गंजा करा दिया गया है। उन सबको एक लाइन में सड़क पर चलना पड़ता है। बीच में अगर कोई वरिष्ठ मिल जाता है, तो उसे झुक कर सलाम करना पड़ता है। बीच में अगर किसी वजह से लाइन टूट जाए तो वरिष्ठ से गालियां सुननी पड़ती हैं। इस घटना के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले पर परदा डालने का प्रयास कर रहा है। उसने इसे सामान्य घटना करार दिया है। डर की वजह से रैगिंग के शिकार विद्यार्थी भी जुबान खोलने से हिचकते रहे। जाहिर है कि कथित वरिष्ठ होने के नाम पर जिन्होंने पीड़ित विद्यार्थियों की रैगिंग को अंजाम दिया, उनका खौफ शायद सबके सिर पर चढ़ कर बोलता है। रैगिंग का यह मामला शायद परिसर में ही दब कर रह जाता, अगर उसकी तस्वीरें बाहर नहीं आतीं।

इस बारे में सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय दिशा-निर्देशों के तहत बिल्कुल साफ है कि किसी भी हाल में रैगिंग की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के साथ-साथ संस्थान तक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। लेकिन यह एक गंभीर चिंता की बात है कि सर्वोच्च अदालत के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कुछ छात्र अपने भीतर गहरे पैठी श्रेष्ठता की सामंती ग्रंथि को दबा नहीं पाते हैं और एक तरह से रैगिंग की आपराधिक गतिविधि को अंजाम देते हैं। इससे इतर सवाल है कि परिसर के भीतर इतनी बड़ी घटना पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने के बजाय खुद ही लापरवाही क्यों बरती? हालत यह है कि किसी तरह बाहर आई तस्वीरों के बाद जब स्थानीय प्रशासन ने मामले में दखल दिया और एसडीएम की अगुआई में एक समिति ने जांच की तो उसमें सैफई चिकित्सा विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ रैगिंग की पुष्टि की गई। यही नहीं, जांच में कुलपति और रजिस्ट्रार की ओर से बरती गई लापरवाही भी सामने आई।

यह किसी से छिपा नहीं है कि गैरकानूनी होने के बावजूद उच्च शिक्षण संस्थानों में होने वाली रैगिंग की घटनाओं में जूनियर विद्यार्थियों को कई बार बेहद अपमानजनक स्थितियों से गुजरना पड़ता है। प्रताड़ित किए जाने और यातना बर्दाश्त न होने की वजह से पीड़ित विद्यार्थियों के आत्महत्या तक कर लेने की खबरें आती रही हैं। हालांकि ऐसी घटनाओं पर हुई सामाजिक प्रतिक्रिया की वजह से ही इस ओर सरकार को संज्ञान लेना पड़ा और रैगिंग पर रोक लगाई गई। लेकिन आज भी अगर किसी संस्थान में इस तरह की प्रवृत्ति देखी जा रही है तो यह कानून को लागू करने वाली एजेंसियों की भी नाकामी है। किसी संस्थान में भविष्य बनाने के सपने लेकर नवागंतुक विद्यार्थी आते हैं, तो वहां अपने साथ हुए शुरुआती व्यवहार का उनके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर पड़ता है और कई बार जीवन और समाज के प्रति उनका नजरिया भी निर्धारित हो जाता है। इसलिए यह सुनिश्चित किए जाने की जरूरत है कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में नवागंतुक विद्यार्थियों के साथ ऐसा बर्ताव हो, जिससे समाज और दुनिया के प्रति उनके भीतर सकारात्मक भाव पैदा हो।

## कल्पमेधा

नसीहत बर्फ की तरह है। जितना धीरे-धीरे गिरती है, उतनी ही ज्यादा स्थायी होती है और गहराई से मन में प्रवेश करती है।
-कॉलरिज

# फिर लौट रहा है मलेरिया

निरंकार सिंह

**मलेरिया फैलाने वाला एनाफिलीज टंकियों, गड्ढों में जमा पानी में प्रजनन करता है। इसलिए साफ-सफाई और मच्छरों का खात्मा करके ही इन रोगों से पूरी तरह बचा जा सकता है। लेकिन हमारे शहरों की नगर पालिकाओं को साफ-सफाई और कीटनाशकों के छिड़काव का जो जरूरी काम करना चाहिए, वह भी वे समय से नहीं करती हैं। सरकार चेतती ही तब है जब रोग महामारी बन जाता है।**

हर साल दुनिया भर में मलेरिया के लगभग बाईस करोड़ मामले सामने आते हैं। कंपकंपी, ठंड लगना और तेज बुखार मलेरिया के लक्षण हैं। अगर मलेरिया का सही इलाज न हो तो समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है। चिंता की बात यह है कि मलेरिया से लड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाली जरूरी दवाएं बेअसर हो रही हैं। मलेरिया के परजीवी इन दवाओं को लेकर प्रतिरोधक हो गए हैं। यानी अब इन दवाओं का भी उन पर असर नहीं हो रहा। कंबोडिया से लेकर लाओस, थाईलैंड और वियतनाम में अधिकतर मरीजों पर मलेरिया में दी जाने वाली प्राथमिक दवाएं असर नहीं कर रही हैं। खासकर कंबोडिया में इन दवाओं के बेअसर होने के सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं।

अगर दक्षिण एशियाई देश भारत की बात करें तो साल 2017 में आई 'वर्ल्ड मलेरिया' रिपोर्ट के मुताबिक भारत में मलेरिया के मामलों में चौबीस फीसद तक कमी आई है। दुनिया कुल मलेरिया मरीजों के सत्तर फीसद मामले ग्यारह देशों में पाए जाते हैं जिनमें भारत भी शामिल है। पिछले साल भारत में मलेरिया के मामलों में चौबीस फीसद की कमी आई और इसके साथ ही भारत अब मलेरिया की मार वाले शीर्ष तीन देशों में शुमार नहीं है। हालांकि अब भी भारत की कुल आबादी के चौरानवे फीसद लोगों पर मलेरिया का खतरा बना हुआ है।

आजकल मच्छरों की ऐसी प्रजातियां पैदा हो गई हैं जिन पर जहरीले रसायनों का भी जल्दी असर नहीं होता है। इसलिए मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों के प्रकोप से भारत की बहुत बड़ी आबादी त्रस्त है। मलेरिया, डेंगू, मस्तिष्क ज्वर (इंसेफेलाइटिस), चिकनगुनिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से ही होती हैं। हर साल लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं और हजारों डेंगू से दम तोड़ देते हैं। कुछ राज्यों में मस्तिष्क ज्वर से भी बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं। डेंगू और चिकनगुनिया एडिस मच्छरों के काटने से फैलते हैं। यह मच्छर काले और सफेद रंग का होता है और कूलर, बर्तन या टंकी में जमा साफ ठहरे हुए पानी में पनपता है। मस्तिष्क ज्वर फैलाने वाला क्युलेक्स विश्नुई मच्छर धान के खेतों में पनपता है। धान के खेतों में बच्चों को जाने से रोक कर इस बीमारी का काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। मलेरिया फैलाने वाला एनाफिलीज भी टंकियों, गड्ढों में जमे पानी में प्रजनन करता है। इसलिए साफ-सफाई में ही इन रोगों से बचा जा सकता है। दरअसल, मच्छरों का खात्मा करके ही इन रोगों से पूरी तरह बचा जा सकता है। लेकिन हमारे शहरों की नगर पालिकाओं को साफ-सफाई और कीटनाशकों के छिड़काव का जो जरूरी काम करना चाहिए, वह भी वे समय से नहीं करती हैं। सरकार चेतती ही तब है जब रोग महामारी बन जाता है।



एक बड़ी समस्या यह भी है कि इन जानलेवा बीमारियों से निपटने के लिए पश्चिम के बड़े विकसित देश तैयार इसलिए नहीं हैं क्योंकि ये बीमारियां वहां नहीं होती हैं। इसलिए इन पर नियंत्रण अथवा किसी औषधि के अनुसंधान और विकास का कोई विशेष कार्य वहां नहीं हुआ। लेकिन अमेरिका अब अपने सैनिकों की रक्षा के लिए मलेरिया पर अनुसंधान कर रहा है। उसके नौसेना अनुसंधान संस्थान ने नई डीएनए टीका प्रौद्योगिकी विकसित की है। 1998 में सफल परीक्षणों के बाद हाफ मैन ने कहा 'हमने मलेरिया की बीमारी को उदाहरण के रूप में रख कर नई प्रौद्योगिकी का परीक्षण किया क्योंकि यह बीमारी हमारे जवानों के लिए सबसे खतरनाक संक्रामक रोग है। मलेरिया के इलाज में इस्तेमाल की जा रही एक दवा क्लोरोक्विन का विकास भारत और वाल्टर रीड सेवा शोध संस्थान के साझा प्रयासों से ही हुआ है। पर दशकों के प्रयास के बावजूद वैज्ञानिक ऐसा टीका ईजाद नहीं कर पाए हैं जो प्रभावी हो।

पहले कुछ इलाकों में मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को कुनैन की गोलियां खिला कर रोकथाम की गई, पर इसमें भी पूरी सफलता नहीं मिली। इस दवा का असर थोड़े समय ही रहता था और एक बार बीमारी फैलने के बाद उसको महामारी का रूप धारण करने से रोकना संभव नहीं हो पाया। इसके बाद कई और औषधियां तैयार की गईं। इनमें क्लोरोक्विन, प्रोगवानिल, प्राइमाक्विन और पाइरोमेथामिन प्रमुख हैं। 1938 में कीड़ों-मकोड़ों को मारने के लिए डीडीटी की खोज की गई थी। इसकी खोज से मलेरिया को रोकने का एक नया हथियार मिल गया। पर भारत और अफ्रीका जैसे उष्ण कटिबंधीय देशों में बड़े पैमाने पर यह अभियान चलाना संभव नहीं हो सका, क्योंकि इसके लिए कुशल प्रशासन, आवश्यक धन और साधन नहीं जुटाया जा सका। लेकिन इसी दौरान यह भी पता चला कि मच्छरों पर डीडीटी बेअसर साबित हो रही है। इसका एक बड़ा कारण यह बताया गया कि एनाफिलिज मच्छर की अनेक प्रजातियां डीडीटी के अलावा दूसरे कीटनाशकों की प्रतिरोधी हो गई हैं। उधर, मलेरिया परजीवियों पर प्रोग्वानिल और पाइरोमेथागिन जैसी प्रचलित औषधियों का असर नहीं हो रहा था। इसके अलावा मलेरिया परजीवियों की कुछ नई जातियां भी पैदा हो गई थीं जिन पर क्लोरोक्विन का भी असर नहीं हुआ जबकि क्लोरोक्विन अब तक की खोजी गई सबसे प्रभावशाली औषधि मानी जाती थी।

इंडिया स्पेंड की एक रिपोर्ट के मुताबिक मलेरिया के मामले में कमी का लक्ष्य ओड़िशा को इस बीमारी से लड़ने में मिली कामयाबी के कारण मुमकिन हो सका है। इससे पहले भारत में कुल मलेरिया मरीजों का चालीस फीसद हिस्सा ओड़िशा राज्य से आता था। कंबोडिया में मलेरिया के लिए दो दवाओं का इस्तेमाल होता है- आर्टेमिसिनिन और पिपोराक्विन। ये दवाएं कंबोडिया में 2008 में लाई गई थीं। लेकिन 2013 में कंबोडिया के पश्चिमी हिस्से में पहला ऐसा मामला सामने आया जब मलेरिया के परजीवी पर इन दोनों दवाओं का असर खत्म होने लगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण-पूर्वी एशिया के मरीजों के खून के नमूने लिए गए। जब इन परजीवियों के डीएनए की जांच की गई तो पाया गया कि ये परजीवी दवा प्रतिरोधी हो चुके हैं और यह प्रभाव कंबोडिया से होकर लाओस, थाईलैंड और वियतनाम तक फैल चुका है। इन देशों के कई इलाकों में अस्सी फीसद तक मलेरिया परजीवियों पर दवा बेअसर हो चुकी है। वियतनाम में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की क्लिनिकल रिसर्च यूनिट के प्रोफेसर ट्रान तिन्ह हिएन के अनुसार, मलेरिया के परजीवियों में प्रतिरोध के प्रसार और गहराते इस संकट ने वैकल्पिक उपचारों को अपनाने की जरूरत पर प्रकाश डाला। अब मलेरिया में आर्टेमिसियम के साथ दूसरी दवाओं के इस्तेमाल और तीन दवाओं के योग से इसका इलाज संभव है।

दुनिया को मलेरिया से मुक्त करने की दिशा में हो रहे तमाम प्रयासों को इससे झटका लगा है। सबसे बड़ा संकट है कि अगर यह अफ्रीका में पहुंच गया तो क्या होगा, जहां मलेरिया के मामले सबसे ज्यादा हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ओलिवियो मियोट्टो के मुताबिक परजीवियों का यह प्रतिरोध प्रभावी तरीके से बढ़ रहा है और नए क्षेत्रों में जाने और नए जेनेटिक को अपनाने में सक्षम है। अगर यह अफ्रीका पहुंच गया तो इसके नतीजे भयानक होंगे क्योंकि मलेरिया अफ्रीका की सबसे बड़ी समस्या है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजिन और ट्रॉपिकल मेडिसिन के प्रोफेसर कॉलिन सदरलैंड मानते हैं कि परजीवियों का दवा प्रतिरोधी होना एक बड़ी समस्या तो है लेकिन इसे वैश्विक संकट नहीं कहा जा सकता। इसके परिणाम इतने भयानक नहीं होंगे जैसा हम सोच रहे हैं।

# निजता की अदृश्य लकीर

एकता कानूनगो बक्षी

## दुनिया मेरे आगे

मनुष्य सामाजिक प्राणी है और समाज की अपनी एक व्यवस्था है, जिसके अपने कुछ नियम और सलीके हैं। ये नियम हमें एक-दूसरे से जोड़े रखने का भी काम करते हैं। इन नियमों के साथ एक अदृश्य लकीर ऐसी भी हम सबके बीच खिंची होती है, जो हमारी और दूसरों की आजादी और उनकी निजता की सुरक्षा और मान को सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करती है। इस लकीर का पालन किसी भी सभ्य समाज में रहने वाले हर व्यक्ति का दायित्व होना अपेक्षित रहता है।

देखा गया है कि वही समाज फलता-फूलता है, जहां नए का स्वागत हो और जिसमें हर इंसान को अपना जीवन अपनी पसंद से जीने की आजादी हो। कई बार इसके विपरीत भी देखने को मिलता है, जब समाज कोई एक ऐसा रूढ़ ढांचा बना लेता है, जिसमें अपनी तरह से ही चीजों का मूल्यांकन किया जाने लगता है। व्यापक और नए को स्वीकार करने की दृष्टि के अभाव में वह कई व्यक्तियों की गतिविधियों को खारिज कर देने को ही उचित मानने लगता है। अगर हम उनके बनाए मापदंडों पर खरे नहीं उतर पाते तो हमें असफल घोषित कर दिया जाता है। समाज की आकांक्षाओं का दबाव कभी-कभी उस सीमा रेखा को भी लांघ जाता है, जिसके चलते इंसान खुद को हताश, असहाय महसूस करने लगता है और गलत कदम उठा लेने पर भी विवश हो जाता है।

मनुष्य के अंदर अपार संभावनाएं है, जो हर बार पुराने मापदंड तोड़ती हैं और नया इतिहास रचती हैं। किसी निश्चित पैमाने और कुछ लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरने से कहीं अधिक ऊंची उड़ान भरने में वह सक्षम हो सकता है। कुछ लोगों के सीमित ज्ञान और समझ से लागू किए निराधार मापदंडों से खुद का मूल्यांकन करना हमारी सबसे बड़ी भूल होगी। हर इंसान की अपनी यात्रा है, अपने संघर्ष हैं और अपने मुकाम भी। फिर कैसे लंबे समय से चले आ रहे कुछ रूढ़ पैमानों पर खुद को आंकने के लिए बाध्यता होनी चाहिए? जबकि अनंत संभावनाओं का विशाल आसमान हमारे सामने है।

स्कूल के दिनों में असेंबली या फिर खेल की कक्षा के वक्त विद्यार्थियों को पंक्तिबद्ध करने के पहले कहा जाता था कि हर व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से एक हाथ की दूरी बना कर खड़ा हो, ताकि सब स्वतंत्र और सहजता से अपना काम व्यस्थित रूप से कर सकें। यही सबक हमें फिर याद करने की जरूरत है। किसी के भी जीवन में हमें और किसी को भी अपने जीवन में इतना हस्तक्षेप नहीं करने देना चाहिए कि हमारी खुशियों और निजता पर उसका विपरीत प्रभाव पड़े। हर रिश्ते और समाज में एक ऐसी सीमा रेखा का होना बहुत जरूरी समझा जाना चाहिए। ख्यात शायर राहत इंदौरी साहब का एक शेर है- 'अफवाह थी कि मेरी तबीयत खराब है, लोगों ने पूछ-पूछ कर बीमार कर दिया'। एक दूसरे की चिंता, मदद, सलाह, देखभाल जहां हमें एक-दूसरे के करीब लाती है, वहीं उसकी अति पूरी तरह से विपरीत प्रभाव भी डाल सकती है।

कार्यक्षेत्र और परिवार के बीच भी इस सीमा रेखा की सामान्यतः अनदेखी की जाती है। आप कैसे कपड़े पहनते हैं, आप मांसाहारी हैं या शाकाहारी हैं, आप अपनी भाषा बोलते हैं या विदेशी भाषा में संवाद करना पसंद करते हैं, आपका व्यवसाय, आपकी शादी, आपके बच्चे, विचार- इन सब संदर्भों में भी मनमाने ढंग से समाज के कुछ लोग अपने बनाए रूढ़िवादी मापदंडों और पूर्वाग्रहों को थोप कर जीवन में अनचाही मुश्किलें पैदा करने का प्रयास करते रहते हैं। अगर आप उनके पैमाने पर खरे नहीं हैं तो आप अधूरे हैं। जबकि अधूरापन उनकी सोच में होता है।

दरअसल, वे लोग वस्तुस्थिति और अन्य लोगों के मन और जीवन को समझने में सक्षम नहीं होते। ऐसे लोग पुरानी रूढ़िवादी परंपराओं में जकड़े हुए होते हैं और किसी भी बदलाव से असुरक्षित महसूस करते हैं। जबकि होना यह चाहिए कि पुराने अनुभवों और नए समय की जरूरतों को देख कर निर्णय लिए जाएं, न कि लोकलाज के किसी भय से प्रभावित होकर। हमारे यहां पुरानी कहावत है- 'निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुहाय'। पर अपना सही आलोचक चुनना और उसकी किन बातों पर ध्यान देना है, इसका भी सही चयन करना आवश्यक है। एक बार हमारे विचारों और जीवन पथ का विचलन हुआ तो समझिए कि फिर सही राह पर आगे बढ़ना कठिन हो जाएगा।

अक्सर देखा जाता है कि बेहतर विकल्पों और खुलेपन की चाह के चलते कई लोग शहर, समाज, अपने देश तक से पलायन कर जाते हैं। हर व्यक्ति ऐसे समाज में रहना चाहता है, जहां वह खुश रह सके, अपने मन का कर सके, जहां उसका विकास हो सके। वह अपने जीवन में अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हो, जहां उसकी निजता का सम्मान हो। आलोचनात्मक रवैए और थोपे गए विचारों और नियमों, मापदंडों से दूर वह अपनी पूर्णता में खुल कर जी सके। आजादी का एक मतलब खुल कर, अपराधमुक्त और सम्मान भाव से, बिना किसी की आजादी में खलल डाले, थोड़ी-सी दूरी बनाए रख कर, सबको साथ लेकर आगे भी बढ़ते जाना है।

## आबादी पर लगाम

प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के दिन लालकिले से अपने संबोधन में जनसंख्या विस्फोट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार छोटा रखना भी एक तरह की देशभक्ति है। उनके मुताबिक जनसंख्या नियंत्रण के बाबत जागरूकता को लेकर बड़े स्तर पर चर्चा करने की जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जन्म देने पहले हमें सोचना होगा कि क्या हम अपने बच्चों की आकांक्षाओं के साथ न्याय कर पाएंगे? गौरतलब है कि विपक्ष के अनेक नेता भी प्रधानमंत्री की बात से सहमति जता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र 2019 के वैश्विक जनसंख्या के आंकड़ों के मुताबिक भारत की आबादी 136 करोड़ तक पहुंच गई है और यह 1.2 फीसद की दर से बढ़ रही है। यह रफ्तार देश के विकास के लिए बाधा बन रही है और कई समस्याओं को जन्म दे रही है।

जनसंख्या के मुकाबले देश में संसाधनों की कमी है जिस वजह से गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही हैं। जनसंख्या वृद्धि पर लगाम के लिए अब तक सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए मगर मौजूदा स्थितियों को देखते हुए देश के कई अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ एक मजबूत जनसंख्या नियंत्रण कानून के पक्ष में अपनी राय जाहिर करते हुए परिवार नियोजन के तहत दो बच्चे की नीति अमल में लाने के लिए कहते हैं। देश के शिक्षित एवं जागरूक नागरिक भी दो बच्चों को ही प्राथमिकता देते हैं लेकिन एक ऐसा बड़ा वर्ग है जो अशिक्षित है और परंपरागत रीति रिवाजों के चलते बच्चों को ईश्वर की देन मान कर दो से अधिक बच्चों को जन्म देता है।

समाज में एक बड़ा शिक्षित वर्ग ऐसा भी है जो पुत्र प्राप्ति की लालसा में परिवार नियोजन को महत्त्व नहीं देता। इन कारणों से भी देश की आबादी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। गौरतलब है कि आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2027 तक चीन को जनसंख्या के मामले में पछाड़ देगा। इसलिए देश के नागरिकों और सरकार को जनसंख्या नियंत्रण के लिए गंभीर कदम उठाना आवश्यक हो गया है।

● *निशांत महेश त्रिपाठी, ग्राम कोंढाली, नागपुर*

## मौत का मांझा

चीनी मेटेलिक मांझे से पतंगबाजी इन दिनों जानलेवा साबित हो रही है। दिल्ली में पिछले दिनों दोपहिया वाहन सवारों की इससे गर्दन ही कट गई और वे बुरी तरह लहूलुहान होने के कारण मौत के मुंह में चले गए। पशु-पक्षी आदि भी इस मांझे के भयंकर जाल से नहीं बचे हैं। पेड़-पौधे तक इससे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। बिजली की बड़ी लाइनें इस मांझे के छू जाने से खुद पतंगबाजों की मौत के मामले सामने आए हैं। और मेट्रो रेल तक इससे रुक जाती है। लिहाजा, इस पर तुरंत प्रतिबंध जरूरी है।

● *वेद मामूरपुर, नरेला, दिल्ली*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




## सही समय

यह सही है कि कश्मीर में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ानी पड़ी है, लेकिन इसे लेकर चिंतित हो रहे लोग यह क्यों नहीं देख पा रहे हैं कि वहां हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं और पाबंदियां हटाने का सिलसिला बढ़ रहा है? यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि बीते एक पखवाड़े में घाटी में जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। निस्संदेह तथाकथित आजादी के सपने से प्रभावित कश्मीर के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होने में समय लगेगा, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि उन्हें दिवास्वप्न दिखाया जाए कि बीते हुए दिन फिर लौट सकते हैं। यह नहीं हो सकता, क्योंकि इस मामले में देश न केवल एकजुट, बल्कि दृढ़-संकल्पित भी है। इस संकल्प भाव के कारण ही कश्मीर में आतंक और अलगाववाद के समर्थकों के हौसले पस्त हैं और पाकिस्तान को समझ नहीं आ रहा है कि वह करे तो क्या करे! यह सही समय है कि जब कश्मीर संबंधी फैसले पर राष्ट्र एक स्वर में बोले, क्योंकि इसी से दुनिया को संदेश जाएगा कि भारत अपने रुख से टस से मस होने वाला नहीं।

● *हेमंत कुमार, भागलपुर*

## हाशिये पर किसान

कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदंड कहा जाता है। देश की कुल आबादी का 58 प्रतिशत से भी अधिक हिस्सा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि कार्यों से जुड़ा हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 15 प्रतिशत से भी ज्यादा है लेकिन औपनिवेशिक काल से कृषि व किसान हाशिये पर रहे हैं।

प्राकृतिक आपदा की मार सबसे ज्यादा किसानों को ही झेलनी पड़ती है, जिससे न केवल उनकी उपज प्रभावित होती है बल्कि वे आत्महत्या भी करते हैं। देश की सबसे बड़ी पंचायत का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकतर जनप्रतिनिधि भी अपने आप को कृषि से जुड़ा बताते ही नहीं बल्कि किसानों का सबसे बड़ा मसीहा होने का दावा भी करते हैं। इन नीति निर्माताओं द्वारा समय-समय पर किसानों के लिए तमाम योजनाएं बनाई जाती हैं, लेकिन किसानों की हालत आज भी वही ढाक के तीन पात वाली है।

भारत में कृषि की जगह औद्योगीकरण को तरजीह दी गई है जिससे कृषि कार्य हाशिये पर आ गया है। अगर समय रहते सरकारें न चेतीं तो देश की बढ़ती जनसंख्या की जरूरतों को पूरा नहीं किया जा सकेगा और मुल्क में भुखमरी की स्थिति भयावह हो सकती है। जरूरत है तो किसानों की स्थिति को सुधारने की जिससे देश और सुदृढ़ हो सके।

● *दुर्गेश कुमार गुप्ता, भीमहर, मऊ, उत्तर प्रदेश*

## पिघलते ग्लेशियर

पर्यावरणवादियों के लिए एक अगस्त, 2019 दुखद दिन साबित हुआ क्योंकि इस दिन आइसलैंड का सात सौ साल पुराना ग्लेशियर 'ओक जोकुल' जलवायु परिवर्तन के कारण पिघल कर पूरी तरह समाप्त हो गया। 1901 में यह ग्लेशियर 38 वर्ग किलोमीटर में फैला था। इस माह यह पिघल कर लुप्त हो गया। कहते हैं, अगर तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो अगले सौ साल में धरती के आधे से अधिक ग्लेशियर गल जाएंगे। केवल आइसलैंड में हर साल ग्यारह अरब टन बर्फ पिघल रही है। यही हाल अंटार्कटिका का भी हो रहा है। फिर तो समुद्र अपना किनारा इतना बढ़ा लेंगे कि गांव-शहर सब उसमें समा जाएंगे।

जल ही जीवन है, हम अब तक यही मानते आए हैं। शीघ्र ही हमें कहना पड़ेगा कि 'जल ही जीवन का अंत है'। अगर अब भी हम विकास के नाम पर विनाश करना बंद नहीं करेंगे तो फिर इस धरती से जीवन के अंत को कोई रोक नहीं सकता।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*



## नई फिल्म
- साहो
- ड्रीम गर्ल



## बॉक्स ऑफिस

| फिल्म | कुल कमाई |
| --- | --- |
| मिशन मंगल | 119-120 करोड़ |
| बाटला हाउस | 56-57 करोड़ |
| जबरिया जोड़ी | 16 करोड़ |
| सुपर 30 | 143.55 करोड़ |

22 अगस्त तक की कमाई



## जन्मदिन

| | |
| --- | --- |
| मधुर भंडारकर | 26 अगस्त |
| नेहा धूपिया | 27 अगस्त |
| जिम सर्भ | 27 अगस्त |
| नागार्जुन | 29 अगस्त |

# ...मेरी मेहनत की पहली जीत : आयुष्मान



आरती सक्सेना

आमने सामने

**अपनी पहली ही फिल्म से अलग पहचान बनाने वाले आयुष्मान खुराना की गिनती बॉलीवुड के संजीदा कलाकारों में होती है। वे जब भी पर्दे पर आते हैं दिल जीत कर ले जाते हैं। उनकी फिल्मों की कहानी लोगों को अपनी कहानी लगती है। यही कारण है कि वे हर फिल्म से अपनी छाप छोड़ जाते हैं। हाल में आयुष्मान को 66वें राष्ट्रीय फिल्म समारोह में फिल्म 'अंधाधुन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। वहीं इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म ड्रीम गर्ल को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म और पुरस्कार से जुड़े कई दिलचस्प सवालों के जवाब दिए आयुष्मान खुराना ने...**

**सवाल** : राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर कैसा लग रहा है?

● बहुत खुशी हुई जब मुझे इस यह पता चला कि मुझे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कुछ पल तो मुझे समझ ही नहीं आया कि मैं इस मौके पर कैसे प्रतिक्रिया दूं। जब मुझे यह खबर मिली उस समय मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रहा था। जब मैं शॉट देकर आया तो देखा कि मेरे मोबाइल पर 40 मिस्ड कॉल थे। पहले तो मैं थोड़ा डर गया कि ऐसा क्या हो गया कि 40 मिस्ड कॉल। उसके बाद जब मैंने मैसेज देखा तो मुझे पता चला कि मुझे अंधाधुन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जा रहा है। यह सम्मान मेरी मेहनत का पहला इनाम है। मैं बहुत खुश हूं।

**सवाल** : आपकी सभी फिल्में अलग तरह की होती हैं। ऐसे में किस फिल्म के लिए लगा था कि राष्ट्रीय पुरस्कार मिल सकता है ?

● मैं खुद को बेहद खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे हमेशा ही अच्छी स्क्रिप्ट और अच्छे निर्देशकों के साथ काम करने का मौका मिला है। मेरी पहली फिल्म विक्की डोनर के दौरान मुझे लगा था कि मुझे इस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिल सकता है लेकिन मेरे बजाय वह पुरस्कार अन्नू कपूर को मिल गया। उसके बाद मैंने इस बारे में सोचना छोड़ दिया और सिर्फ अपने काम पर ध्यान दिया।

**सवाल** : जब आप इस इंडस्ट्री में आए थे तो क्या किसी अभिनेता की आपके जहन में खास इमेज थी कि मुझे वैसा बनना है और नाम कमाना है?

● हां जब मैं दिल्ली से मुंबई हीरो बनने आया था तब मेरे दिमाग में शाहरुख खान,आमिर खान और अमित जी की फिल्में दीमाग में थी। हालांकि मेरे सफर की शुरुआत रेडियो जॉकी से हुई। रेडियो से टीवी पर आया और टीवी से फिल्मों में। लेकिन इस दौरान मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि मेरी शुरुआत विक्की डोनर जैसी फिल्म से होगी। इसमें मेरा ऐसा रोल होगा जैसा किसी ने कभी नहीं किया होगा। इस फिल्म ने मुझे इंडस्ट्री मे एक नया मुकाम दिया जो मुझे राष्ट्रीय पुरस्कार तक ले आया।

**सवाल** : फिल्म ड्रीम गर्ल में आप एक अलग किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बारे में कुछ बताएं ?

● मुझे जब ड्रीम गर्ल की स्क्रिप्ट ऑफर हुई तो मुझे इसकी कहानी इतनी अच्छी लगी कि मैंने हां बोलने के लिए रात खत्म होने का इंतजार भी नहीं किया और तुरंत हां बोल दी। क्योंकि इसकी कहानी बहुत ही उम्दा है। यह एक ऐसे इंसान की कहानी है जो अपनी आवाज और अपनी अदायगी से लोगों को सपने बेचता है। जिंदगी से हारे और उदास लोगों के जीवन में पूजा बन कर खुशियां लाता है।

**सवाल** : ड्रीम गर्ल में पूजा का किरदार निभाना कितना, आसान कितना मुश्किल भरा रहा?

● पूजा बनने के बाद ही मुझे पता चला कि लड़की की जिंदगी जीना सब कुछ अच्छे से कैरी करना कितना मुश्किल होता है। ड्रीम गर्ल में मैंने पूजा के किरदार के दौरान न सिर्फ अपनी आवाज में बल्कि अपने हाव भाव और ड्रेसिंग सेंस में, चाल-ढाल में सभी में एक लड़की की अदाओं को शामिल किया है। इसके लिए फिल्म की हीरोइन नुसरत ने मेरा बहुत साथ दिया। ये किरदार निभाने में मुझे बहुत मजा आया। वैसे फिल्म के डायरेक्टर राज ने मुझे जैसा-जैसा कहा वैसा मैं करता गया और एक अच्छी फिल्म तैयार हो गई।

**सवाल** : क्या असल जिंदगी में आपने लड़की की आवाज में फोन किया है?

● अगर मैं सच्चाई कहूं तो हर मर्द की चाह एक खूबसूरत लड़की के साथ दोस्ती करना और मीठी-मीठी बातें करने की होती है। इसी के कारण लड़के फेसबुक और इंस्ट्राग्राम पर लड़की बनकर चैट करते हैं ताकि उनको अच्छा रिस्पांस मिले। मैंने भी लड़की बन कर लोगों को खूब उल्लू बनाया है लेकिन कॉलेज में नहीं स्कूल में। दरअसल स्कूल में जब मेरे दोस्तो को अपनी गर्लफ्रेंड्स के घर फोन करना होता था तो मैं लड़की की आवाज में उनके माता-पिता से बात करता था। और वो कभी नहीं पकड़ पाते थे कि वो किसी लड़की से नहीं लड़के से बात कर रहे हैं। लिहाजा मेरी ओर से लड़की की आवाज निकालना मेरे दोस्तों को फायदा दे देता था।

**सवाल** : आपने कई तरह के किरदार निभाए हैं। कभी ऐसा नहीं लगा कि यह किरदार आपकी इमेज को धक्का पहुंचा सकता है?

● नहीं मैं विभिन्न तरीके के किरदार करता हूं इसलिए अब तक इंडस्ट्री में टिका हुआ हूं। अगर मैं एक ही तरह के किरदार निभाता तो कब का इंडस्ट्री से आउट हो जाता। लिहाजा मुझे अपनी इमेज को लेकर कभी कोई परेशानी नहीं हुई। मैं नसीब वाला हूं कि मुझे अपनी हर फिल्म से अच्छा रिस्पांस मिला है।

**सवाल** : आपकी नजर में राष्ट्रीय पुरस्कार में और बाकी पुरस्कार में क्या फर्क हैं?

● जिस तरह बच्चों को अपनी नोटबुक पर टीचर द्वारा दिया गया हर स्टार अच्छा लगता है। उसी तरह एक्टर को भी हर पुरस्कार अच्छा लगता है। एक एक्टर बच्चे की तरह ही होता है जिसे पुरस्कार बहुत प्रभावित और उत्साहित करता है। राष्ट्रीय पुरस्कार जब देश की तरफ से राष्ट्रपति के हाथों से मिलता है तो कोई भी अभिनेता सम्मानित महसूस करता है। उसे बहुत गर्व होता है। मेरे लिए भी यह गर्व की बात है।

# मानसून में मल्हार और नृत्य की प्रस्तुति

शशिप्रभा तिवारी

यूं तो इन दिनों देश के अनेकों हिस्सों में बारिश के कारण अफरातफरी का माहौल है लेकिन प्रकृति के संग हमारे जीवन और संस्कृति का बहुत गहरा संबंध रहा है और हमेशा रहेगा। भारत के सभी राज्यों में मौसम के अनुरूप संगीत, नृत्य और उत्सव मनाने की परंपरा रही है। बरसात के मौसम में भी अलग राग और नृत्य का चलन है। उसी की कड़ी है, बारिश के मौसम में मल्हार राग गाने और नृत्य करने की। सावन-भादो के महीने का साथ तो अब पीछे छूट गया सा लगता है। लेकिन, कहीं न कहीं लोगों के मन में मल्हार कायम है, तभी तो पिछले कई सालों से इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में मानसून नृत्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी इस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कई वरिष्ठ नृत्यांगनाओं ने शिरकत की।

समारोह का आगाज जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना और गुरू प्रेरणा श्रीमाली के नृत्य से हुआ। जहां उन्होंने परंपरागत कथक की नजाकत भरी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोहा। श्रीमाली की प्रस्तुति में उनकी वर्षों की साधना और मेहनत साफ दिखी। उन्होंने नायक कान्हा, नायिका राधा और गोपियों के कई अंदाज को नृत्य में पिरोया। रचना 'शशि मत्त कुंजन में समागत' में अभिसारिका नायिका के भिन्न -भिन्न भावों के माध्यम से बारिश के प्रभाव को अंकित किया। एक अन्य रचना में उन्होंने 'हो आली, आज बड़े तड़के' में माखन बेचने वाली गोपी और कृष्ण के भावों को एक अलग अंदाज में पेश किया। 'चंद्र चपला चली मन माधो' कवित्त में भावों का चित्रण मनोरम था।




नृत्योत्सव

वहीं एक अन्य रचना 'प्रेम के फंदों में प्रीत के पैठन में', 'कृष्ण मोहित नाचत राधिका', 'रैन समय रस खेल कियो' और 'नटवर नाचत विविध भांति' में कृष्ण और राधा के अलग-अलग रंग को दर्शाया। उन्होंने सधा हुआ पैर का काम, हस्तकों के प्रयोग, अर्ध पलटे और चक्करों का प्रयोग बेहद ही मोहक अंदाज में किया। नृत्य में उन्होंने मयूर, झूले, घूंघट, मटके, सादी गतों का प्रयोग सुंदर किया। स्वरचित कवित्त-'उमड़ घुमड़ गरजत दामिनी' और पंडित कुंदनलाल गंगानी की रचना 'दधि बेचन चली' पर भी अभिनय प्रस्तुत किया। बसंत से मानसून तक के मौसम का नृत्य के माध्यम से सफर बहुत ही मनोरम था।

भरतनाट्यम नृत्यांगना रमा वैद्यनाथन ने भरतनाट्यम नृत्य शैल में जना बाई के अभंग से नृत्य आरंभ किया। अभंग 'पांडुरंग विट्ठोवा भजिए' पर भक्त के भावों को माता, दासी, मृग और समर्पित रूप में दर्शाया। यह राग मालिका और मिश्र चापू ताल में निबद्ध था। उनकी दूसरी पेशकश अन्नमाचार्य की पदम थी। यह राग चक्रवाक और मिश्र चापू ताल में निबद्ध था। इसमें आत्मदर्प से मोहित नायिका के भावों को रमा ने चित्रित किया। यह रचना भगवान वेंकटेश्वर और उनकी पत्नी अलमेलुवंमाला की कथा पर आधारित थी। यह नृत्य प्रस्तुति मनोरम थी।

अगली संध्या को वरिष्ठ ओडिशी नृत्यांगना माधवी मुद्गल ने अपने नृत्य से रोशन किया। उन्होंने अभिनय दर्पण के अंश पर आधारित रंग प्रस्तुति से नृत्य का आरंभ किया। जयदेव की अष्टपदी 'माधवे मा कुरू' पर अभिनय पेश किया। सूरदास के पद 'वेणू गोपाल बैरन भई' और अमर शतकम् के मुक्तक पर भावों को दर्शाया। इसमें सूरदास की रचना को पंडित मधुप मुद्गल ने स्वर दिया था, वहीं मुक्तक को पंडित मुकुल शिवपुत्र ने गाया था।

## अंदाज निराला



मुंबई में चल रहे 'लैक्मे फैशन वीक' के दौरान 'आवरण उदयपुर' के परिधान को पेश करती हुई एक मॉडल का बेहद अनोखा अंदाज।

## खबर कोना

### अभिनेत्री कोंकणा की वेब सीरिज में एंट्री



अभिनेत्री कोंकणा सेनशर्मा अब वेब सीरीज के निर्देशन की कमान संभाल रही हैं। इसकी शुरुआत मिस शेफाली के नाम से मशहूर बंगाली कैबरे डांसर आरती दास की जिंदगी पर आधारित एक वेब सीरीज से कर रही हैं। आरती अभिनेत्री हेलन को अपना गुरु मानती थीं। उन्होंने मशहूर फिल्म डायरेक्टर सत्यजीत रे के साथ काम भी किया है। कोंकणा ने बताया कि बंटवारे के बाद और उदारीकरण से पहले का दौर उन्हें बहुत खींचता है। चूंकि वह खुद कोलकाता से हैं इसलिए इस विषय और इस विशिष्ट कहानी से परिचित हैं। यह कहानी एक युवा बंगाली लड़की की है जिसने कोलकाता में 'क्वीन ऑफ कैबरे' के रूप में राज किया था। इसका सीरीज का निर्माण जी स्टूडियो कर रहा है। इस कहानी की पृष्ठभूमि में 60 से 70 के दशक की राजनीति की झलक भी देखने को मिलेगी। निर्देशक ने कहा कि इसके लिए कलाकारों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसकी शूटिंग अगले साल शुरू होगी। कोंकणा इससे पहले 2017 में फीचर फिल्म 'ए डेथ इन द गंज' का निर्देशन कर चुकी हैं।

### 'ए सूटेबल ब्वॉय' में तब्बू संग दिखेंगे ईशान खट्टर



फिल्म धड़क में जाह्नवी कपूर के साथ अपनी बढ़िया केमिस्ट्री दिखाने के बाद ईशान खट्टर को अब नया प्रोजेक्ट मिल गया है। वे विक्रम सेठ के उपन्यास 'ए सूटेबल ब्वॉय' पर आधारित मीरा नायर के शो में अभिनेत्री तब्बू के साथ नजर आएंगे। 'ए सूटेबल ब्वॉय' विभाजन के बाद चार परिवारों की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में तब्बू सईदा बाई की किरदार में दिखेंगी। तब्बू पहले भी मारी नायर के साथ 'द नेमसेक' में अभिनय कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि 'ए सूटेबल ब्वॉय' में मुझे खासकर मीरा के साथ काम का मौका मिला। इस फिल्म में ईशान एक नेता के जिद्दी बेटे मान कपूर के किरदार में नजर आएंगे जिस पर सईदा जान छिड़कती है। ईशान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बटोरने वाली इजराइली फिल्म 'बियोंड द क्लाउड्स' से अपने अभिनय करिअर की शुरुआत की थी। बीबीसी के लिए लुकप्वाइंट द्वारा निर्मित इस कार्यक्रम को ब्रिटिश पटकथा लेखक एंड्र्यू डेविस ने लिखा है। इसका प्रसारण 'बीबीसी' पर छह भागों में होगा।

### जगन और अक्षय की जोड़ी 'इक्का' में होगी फिर साथ-साथ



साल की शुरूआत 'केसरी' से कर चुके अक्षय एक के बाद एक फिल्में अपने नाम कर रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि 'इक्का' फिल्म के लिए उनका नाम फाइनल हो गया है। बॉलीवुड निर्देशक जगन शक्ति से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 'इक्का' की पटकथा लेखन का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है लेकिन अभी इसके लिए न तो अक्षय कुमार का और न ही अन्य किसी कलाकार का नाम तय हुआ है। अभी अक्षय व्यस्त हैं। इसलिए कुछ तय नहीं हो पाया है।' हालांकि एक मुलाकात के दौरान उन्होंने फिल्म में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। अक्षय कुमार अभिनीत 'मिशन मंगल' का निर्देशन जगन ने ही किया है। इसी वजह से यह कयास लगाया जा रहा है कि यह जोड़ी 2014 की तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कथथि' की रीमेक 'इक्का' में एक बार फिर साथ होगी। अक्षय फिल्म में मुख्य भूमिका में होंगे।

### 'बाहुबली' से बाहर निकलना मेरे लिए आसान नहीं था : प्रभास



बॉलीवुड को बाहुबली जैसी सुपरहिट फिल्म देने वाले प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'साहो' के प्रमोशन में लगे हुए हैं। बाहुबली के किरदार से निकल कर एक नए किरदार में बंधना प्रभास के लिए आसान नहीं था। हाल ही में फिल्म 'साहो' के ट्रेलर रिलीज पर प्रभास ने कहा, 'बाहुबली से निकलना आसान नहीं था। यह कठिन था। मैने 'साहो' पर दो साल दिए और मुझे लगता है कि मेरे प्रशंसक इसके लिए मुझे मार देंगे। फिल्म निर्देशक सुजीत ने जिस तरह से इसकी पटकथा लिखी है, वह बेहद दिलचस्प है।' उन्होंने कहा, 'बाहुबली' के लिए चार साल से ज्यादा वक्त देने के बाद मैं 'साहो' के लिए दो साल नहीं देना चाहता था। लेकिन, इसमे बहुत सारा एक्शन है, इसके लिए समय चाहिए था। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद बेहद आएगी।'

खय्याम

(18 फरवरी 1927- 19 अगस्त, 2019)

# संगीत के कदरदान मिले और वे चमकते गए

गणेशनंदन तिवारी



**जब भी खय्याम को संगीत के असली कदरदान मिले, उनकी चमक निखरती गई। 'फुटपाथ', 'फिर सुबह होगी', 'कभी-कभी', 'त्रिशूल', 'नूरी', 'रजिया सुल्तान', 'बाजार' जैसी फिल्मों में बनाया खय्याम का मधुर संगीत इसका उदाहरण है। मोहम्मद जहूर खय्याम हाशमी यानी खय्याम 19 अगस्त को अपनी संगीत-संपदा दुनिया को सौंप चले गए।**

हमारी याद आएगी

खय्याम के संगीत की अपनी खूबी रही है। उसे भीड़ में नहीं, सुकून से ही सुना जा सकता। फिर उसका असर चढ़ता है और आप उसकी गिरफ्त में होते हैं। फिर आपको इस बात से कोई मतलब नहीं होता कि 'गपुची गपुची गम गम' क्या बला है, आप तो डूब जाते हैं मधुरता की गहराइयों में।

यह खय्याम के संगीत की खूबी ही थी, जिसके कारण शास्त्रीय संगीत सीखे राज कपूर प्रिय संगीतकार शंकर-जयकिशन को भूल जाते। वह 'फिर सुबह होगी' में शंकर-जयकिशन को लेना चाहते थे। साहिर लुधियानवी इसके खिलाफ थे। उनकी सिफारिश पर खय्याम धुनें सुनाने राज कपूर के कॉटेज गए। जब खय्याम ने 'वो सुबह कभी तो आएगी...' गाने की पांच धुनें सुनाई, तो राज कपूर गदगद हो गए। निर्माता रमेश सहगल से कहा कि अगर इस आदमी का संगीत हमने नहीं लिया तो साबित होगा कि हमें संगीत के बारे में कुछ आता-जाता नहीं।

मोहम्मद रफी और आशा भोसले को संगीतकारों ने ऊपर की पट्टी से गवा गवा कर लाउड स्पीकर बना रखा था। जब रफी को 'शोला और शबनम' (1961) में 'जाने क्या ढूंढ़ती रहती है ये आंखें मुझमें...' गाना पड़ा तो 21 रीटेक हुए। 'उमराव जान' में इसी परेशानी का सामना किया आशा भोसले ने। 'दिल चीज क्या है...' की रेकॉर्डिंग पर नीचे की पट्टी में गाने में उन्हें परेशानी हुई। मगर रफी और आशा के ये गाने आज भी बेमिसाल हैं।

'हकीकत' जैसी फिल्म बनाने वाले चेतन आनंद ने 'आखिरी खत' (1966) में खय्याम को मौका दिया और खय्याम 'बहारों मेरा जीवन भी संवारों...' जैसा लोकप्रिय गाना लेकर सामने आए। 'महल' से लता मंगेशकर (आएगा आने वाला...) और 'पाकीजा' से मीना कुमारी को स्थापित कर देने वाले निर्देशक कमाल अमरोही जब खय्याम से मिले तो 1974 में कमाल के मधुर गानों से सजी 'रजिया सुलतान' सामने आई। कव्वन मिर्जा का गाया 'आई जंजीर की झनकार खुदा खैर करे...' आज भी लोगों के दिल में सीधे उतरता है। अमिताभ बच्चन जैसे बेमिसाल अभिनेता 'रजिया सुलतान' के संगीत प्रभाव से बच नहीं सके। इसका गाना 'ऐ दिले नादां...' में 'ये जमीं चुप है, आसमां चुप है...' अंतरे के बाद जो लंबी खामोशी थी (यह आइडिया हालांकि कमाल अमरोही का था), उसने अमिताभ बच्चन को इतना बेचैन कर दिया था कि उस गाने का टेप मांगने जया बच्चन दो बजे रात को खय्याम के घर पहुंच गई थी। यह थी खय्याम के संगीत की ताकत।

अपने कदरदानों को खय्याम ने कभी निराश नहीं किया और उन्हें उम्मीदों से भी बढ़कर नतीजे दिए। इन कदरदानों ने ही खय्याम को चमकाया। 'बरसात की रात' खय्याम ने इसीलिए ठुकराई थी क्योंकि फिल्म के निर्माता आर चंद्रा (हीरो भारत भूषण के भाई) उन्हें पाकिस्तानी कव्वालियों के कैसेट देकर चोरी करने के लिए उकसा रहे थे। खय्याम ने कहा कि मैं इससे बेहतर कव्वाली बना सकता हूं। मगर जब चंद्रा अड़ गए तो खय्याम ने कहा कि वह इस तरह से काम नहीं करते और फिल्म छोड़ दी। यह काम वही संगीतकार कर सकता है, जो अपनी कला, अपने हुनर को इबादत समझता है।

संगीत की समझ रखने वाले यश चोपड़ा ने खय्याम को 1976 में 'कभी कभी' में मौका दिया, तो उनके वितरक, करीबी और शुभचिंतकों ने समझाया कि उनके गाने हिट होते हैं, फिल्में पिट जाती हैं। मगर चोपड़ा को खय्याम पर विश्वास था। नतीजा था 'मेरे घर आई एक नन्ही परी...', 'मैं पल दो पल का शायर हूं...', 'कभी कभी मेरे दिल में खयाल आता है...', जैसे सुरीले गीत। यह खय्याम के संगीत की ताकत ही थी कि उसके बाद चोपड़ा ने उन्हें 'त्रिशूल' और 'नूरी' जैसी फिल्में सौंपी।

# जेएनयू प्रवेश परीक्षा मई और डीयू प्रवेश परीक्षा जून में

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने गुरुवार को दिसंबर 2019 से जून 2020 के बीच होने वाली सभी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। इसके मुताबिक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रवेश परीक्षाएं 11 से 14 मई 2020 के बीच और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) प्रवेश परीक्षाएं दो से नौ जून, 2020 के बीच आयोजित की जाएंगी। एनटीए की ओर आयोजित सभी परीक्षाएं (नीट-यूजी 2020 को छोड़कर) कंप्यूटर आधारित होंगी।

एनटीए ने अन्य सभी परीक्षा एजंसियों से निवेदन किया है कि वे अपनी परीक्षाओं की तिथियां एनटीए की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए जारी करें ताकि परीक्षाओं की तिथियां टकराए नहीं। एनटीए ने देश भर के स्कूलों और इंजीनियरिंग कॉलेजों में 40 हजार से अधिक परीक्षा अभ्यास केंद्र (टीपीसी) स्थापित किए हैं। जल्द ही केंद्रों की संख्या में इजाफा किया जाएगा।

- एनटीए ने दिसंबर 2019 से जून 2020 के बीच होने वाली सभी प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया
- सभी परीक्षाएं (नीट-यूजी 2020 को छोड़कर) कंप्यूटर आधारित होंगी, परीक्षा के अभ्यास के लिए 40 हजार केंद्र स्थापित

यहां जाकर उम्मीदवार मुफ्त में कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) का अभ्यास कर सकते हैं। ये केंद्र शनिवार और रविवार को खुले रहते हैं और अभ्यास एक सितंबर, 2019 से शुरू हो जाएगा। उम्मीदवारों की तैयारी करने के लिए इन केंद्रों पर अनुभवी, योग्य और पेशेवर नोडल अधिकारी मौजूद रहेंगे।

यूजीसी नेट-दिसंबर 2019 : नौ सितंबर से नौ अक्तूबर के बीच पंजीकरण होगा। नौ नवंबर से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। दो से छह दिसंबर के बीच परीक्षाएं होंगी और 31 दिसंबर को परिणाम घोषित किया जाएगा।

**यूजीसी नेट-जून 2020** : 16 मार्च से 16 अप्रैल के बीच पंजीकरण होगा। 15 मई से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। 15 से 20 जून के बीच परीक्षाएं होंगी और 5 जुलाई को परिणाम घोषित किया जाएगा।

**जेईई (मेंस)-जनवरी 2020** : दो से 30 सितंबर के बीच पंजीकरण होगा। छह दिसंबर से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। छह से 11 जनवरी के बीच परीक्षाएं आयोजित होंगी और 31 जनवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा।

**जेईई (मेंस)-अप्रैल 2020** : सात फरवरी से सात मार्च के बीच पंजीकरण होगा। 16 मार्च से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। तीन से नौ अप्रैल के बीच परीक्षाएं होंगी और 30 अप्रैल को परिणाम घोषित किया जाएगा।

**जेएनयू प्रवेश परीक्षाएं** : दो से 31 मार्च के बीच पंजीकरण होगा। 21 अप्रैल से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। 11 से 14 मई के बीच परीक्षाएं होंगी और 31 मई को परिणाम घोषित किया जाएगा।

**डीयू प्रवेश परीक्षाएं** : दो से 31 मार्च के बीच पंजीकरण होगा। 30 अप्रैल से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। दो से नौ जून के बीच परीक्षाएं आयोजित होंगी और 25 जून को परिणाम घोषित किया जाएगा।

**नीट (यूजी)-2020** : दो से 31 दिसंबर के बीच पंजीकरण होगा। 27 मार्च से प्रवेश पत्र डाउनलोड किए जा सकेंगे। तीन मई को परीक्षा आयोजित होगी और चार जून को परिणाम घोषित किया जाएगा।

इंडियन ओवरसीज बैंक
पीतमपुरा, दिल्ली-110088, फोन: 27345508, 27346114, ई-मेल: iob2260@iob.in

स्वर्ण आभूषणों की नीलामी-सह-बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि इंडियन ओवरसीज बैंक (यहां के बाद "बैंक" के रूप में वर्णित) जिसका प्रधान कार्यालय 763, अन्ना सलाई, चेन्नई-600002 में है तथा अन्य स्थानों के साथ-साथ शाखा कार्यालय केयू-8, पीतमपुरा, दिल्ली-110088 में है, द्वारा नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार "जैसा है जहां है आधार" तथा "उपचार-रहित आधार" पर गिरवी रखी गई स्वर्ण आभूषणों की नीलामी-सह-बिक्री आयोजित की जाएगी। ये सभी स्वर्ण आभूषण बैंक के नीचे वर्णित ऋणधारकों की ऋण खाता के संदर्भ में बैंक के पास गिरवी रखे गए हैं। नीचे वर्णित स्वर्ण आभूषणों की यहां नीचे वर्णित ऋणखाताओं के समक्ष वर्णित बकाए राशि की वसूली के लिए बिक्री की जाएगी।

| क्रम सं. | ऋण खाता | ग्राहक का नाम | स्वर्णाभूषणों का विवरण शुद्ध वजन (ग्राम में) | नीलामी की तिथि, सम्पर्क व्यक्ति एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 226003462000002 | श्रीमती श्रिया रावल, पत्नी केतन भगत | स्वर्णाभूषण अर्थात- 1. 2 पीस चूड़ियां= 22 कैरट हॉलमार्क 2. 2 पीस कान की बाली= 22 कैरट 3. 1 पीस पेन्डेन्ट= 20 कैरट | 9 सितम्बर, 2019, श्री संदीप कपूर, सम्पर्क नं. 011-27345508, 989177850, इंडियन ओवरसीज बैंक, मौर्य एन्क्लेव शाखा, केयू-8, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 |

जैसा कि बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने उपरोक्त स्वर्ण आभूषणों के निपटारे का निर्णय लिया है, आज, नीलामी-सह बिक्री की यह सूचना विशेष रूप से संबंधित ऋणधारकों तथा आम जनता के लिए प्रकाशित की जाती है कि उपरोक्त स्वर्ण आभूषणों की उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर सार्वजनिक रूप से बिक्री की जाएगी। किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता बैंक के प्राधिकृत अधिकारी से नीलामी तिथि को या उससे पूर्व संपर्क करें।

संबंधित ऋणधारकों/ गिरवी-कर्ताओं को नीलामी की तिथि के एक कार्य दिवस पूर्व तक सभी ब्याज तथा उस पर बढ़े हुए शुल्कों के साथ पूरी तरह से उपरोक्त ऋण खाताओं को निपटारा करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल होने पर ऊपर-वर्णित कार्यक्रम के अनुसार इन स्वर्ण आभूषणों की बिक्री की जाएगी।

यहां ऊपर निर्दिष्ट स्वर्ण आभूषणों के संदर्भ में प्रकाशित विवरण बैंक के प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं ज्ञान में सही है, लेकिन कथित विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि, गलत-विवरण, खामियों, असंगतियों अथवा कमियों के लिए वे उत्तरदायी नहीं होंगे।

हस्ता./-
तिथि: 23.3.2019 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: दिल्ली इंडियन ओवरसीज बैंक

# कश्मीर : प्रतिबंध में ढील मगर बाजार बंद और मोबाइल सेवाएं निलंबित

श्रीनगर, 22 अगस्त (भाषा)।

कश्मीर के अधिकतर हिस्सों में प्रतिबंधों में ढील दे दी गई है। जगह-जगह से अवरोधक हटाए जा रहे हैं और सड़कों पर यातायात धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हालांकि, बाजार गुरुवार को 18वें दिन भी बंद हैं और इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित हैं।

अधिकारियों ने बताया कि स्थिति शांतिपूर्ण है और बुधवार को घाटी के किसी भी हिस्से से किसी तरह की अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं मिली। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार को देखते हुए श्रीनगर और घाटी के अन्य जिला मुख्यालय शहरों में लोगों और यातायात का आवागमन धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

सार्वजनिक परिवहन सड़कों से नदारद रहा, लेकिन कुछ अंतर जिला कैब और तिपहिया वाहन कुछ क्षेत्रों में सड़कों पर चलते दिखे। अधिकारियों ने बताया कि माध्यमिक स्तर तक के स्कूलों में शिक्षकों और सरकारी कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि, अधिकतर छात्र-छात्राएं मौजूदा स्थिति के मद्देनजर अभी स्कूलों से दूर हैं।

सरकार ने समूची घाटी में सोमवार से प्राथमिक विद्यालयों और बुधवार से माध्यमिक विद्यालयों को खोलने का आदेश दिया था। अधिकारियों ने कहा कि कश्मीर के अनेक हिस्सों और श्रीनगर के अधिकतर हिस्सों में प्रतिबंधों में ढील दी गई है।

उन्होंने बताया कि शहर के आवासीय क्षेत्रों और सिविल लाइंस क्षेत्र तथा अन्य जिलों के अधिकतर क्षेत्रों से अवरोधक हटा लिए गए हैं। हालांकि कानून व्यवस्था से जुड़ी किसी अप्रिय स्थिति को टालने के लिए सुरक्षाबलों की तैनाती बरकरार है।

अधिकारियों ने बताया कि घाटी में अधिकतर जगहों पर बाजार बंद हैं। हालांकि किसी अलगाववादी समूह या किसी अन्य संगठन ने किसी हड़ताल का आह्वान नहीं किया है। उन्होंने बताया कि मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं अभी निलंबित हैं। हालांकि लैंडलाइन टेलीफोन सेवाएं अधिकतर स्थानों पर बहाल हो गई हैं जबकि श्रीनगर के लाल चौक और प्रेस एंक्लेव सहित कई क्षेत्रों में लैंडलाइन टेलीफोन सेवा लगातार निलंबित है।

## आज मनेगी बांकेबिहारी मंदिर में जन्माष्टमी

मथुरा, 22 अगस्त (भाषा)।

वृंदावन के विश्वविख्यात ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार 23 अगस्त को मनाया जाएगा जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

इस दिन मध्य रात्रि में कान्हा का जन्म होने के बाद रात एक बज कर 55 मिनट पर मंगला आरती होती है। मंगला आरती साल में केवल एक बार, जन्माष्टमी पर ही होती है। मंदिर के सेवायत पुजारी अशोक गोस्वामी ने बताया, 'वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में 23 अगस्त की रात 12 बजे गर्भगृह में ठाकुर जी का महाभिषेक किया जाएगा। रात एक बज कर 55 मिनट पर मंगला आरती की जाएगी। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने रूपरेखा तैयार कर ली है।'

गोस्वामी ने बताया, 'आरती के बाद रात दो बजे से सुबह साढ़े पांच बजे तक बांकेबिहारी के दर्शन किए जा सकेंगे। फिर सुबह सात बज कर 45 मिनट से दोपहर 12 बजे तक नंदोत्सव मनाया जाएगा।' नंदोत्सव के अवसर पर मंदिर के कपाट खुलने पर, कान्हा के जन्म की खुशी में खिलौने, बर्तन, वस्त्र, रुपए, मिठाई, फल, मेवा लुटाए जाएंगे। दधिकांधा में केसर, दही श्रद्धालुओं को दिया जाएगा।

## तीन तलाक कानून को चुनौती देने संबंधी याचिका दायर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

तीन तलाक को दंडनीय अपराध बनाने संबंधी कानून को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। कानून की वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिका जमीयत उलमा-ए-हिंद ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि इस कानून से संविधान के प्रावधानों का कथित रूप से उल्लंघन होता है।

याचिका में मुसलिम महिला (विवाह में अधिकारों का संरक्षण) कानून, 2019 को असंवैधानिक घोषित करने का अनुरोध किया गया है। वकील एजाज मकबूल के माध्यम से दायर इस याचिका में दावा किया गया है कि चूंकि मुसलिम शौहर द्वारा बीवी को इस तरह से तलाक देने को पहले ही अमान्य और गैरकानूनी घोषित किया जा चुका है, इसलिए इस कानून की कोई जरूरत नहीं है।

इससे पहले केरल में सुन्नी मुसलिम विद्वानों और धार्मिक नेताओं के संगठन 'समस्त केरल जमीयुल उलेमा' ने इस कानून की संवैधानिकता को चुनौती दी थी।

## अजय कुमार भल्ला बने नए गृह सचिव

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 अगस्त।

केंद्रीय गृह मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में काम कर रहे अजय कुमार भल्ला को गुरुवार को देश का नया गृह सचिव नियुक्त किया गया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के एक आदेश के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट नियुक्ति समिति ने नए गृह सचिव के रूप में भल्ला की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी। वह राजीव गौबा की जगह लेंगे, जिन्हें बुधवार को नया कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया था।

## नलिनी की सामान्य छुट्टी तीन हफ्ते बढ़ाई गई

चेन्नई, 22 अगस्त (भाषा)।

मद्रास हाई कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा भुगत रही नलिनी श्रीहरन की मौजूदा सामान्य छुट्टी की अवधि बुधवार को तीन हफ्ते के लिए बढ़ा दी। नलिनी की छुट्टी 25 अगस्त को समाप्त हो रही थी।न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एम निर्मल कुमार के पीठ ने कहा कि इस दौरान अदालत की ओर से पहले जारी की गई शर्तें ही लागू होंगी। अदालत ने मंगलवार को तमिलनाडु सरकार को नलिनी की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# चौकीदार का पोता बनेगा जज

## पिता का सपना बेटा बने जज, बेटे का सपना जल्दी न्याय मिले

इंदौर, 22 अगस्त (भाषा)।

गुदड़ी के लालों के लिए प्रेरणा की नजीर पेश करते हुए मध्य प्रदेश में 26 वर्षीय युवक ने सिविल जज वर्ग-दो की भर्ती परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। खास बात यह है कि इस युवक के पिता जिला अदालत में ड्राइवर के रूप में पदस्थ हैं, जबकि उसके दादा अदालत में चौकीदार रह चुके हैं।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर स्थित परीक्षा इकाई की बुधवार को घोषित अस्थायी चयन सूची के मुताबिक, सिविल जज वर्ग-दो की भर्ती परीक्षा में चेतन बजाड़ (26) ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में 13वां रैंक हासिल किया है। उन्हें लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में 450 अंकों में से कुल 257.5 अंक मिले हैं।

> मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर स्थित परीक्षा इकाई की बुधवार को घोषित अस्थायी चयन सूची के मुताबिक, सिविल जज वर्ग-दो की भर्ती परीक्षा में चेतन बजाड़ (26) ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में 13वां रैंक हासिल किया है। उन्हें लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में 450 अंकों में से कुल 257.5 अंक मिले हैं।

बजाड़ ने गुरुवार को कहा, 'मेरे पिता गोवर्धनलाल बजाड़ इंदौर की जिला अदालत में ड्राइवर हैं। मेरे दादा हरिराम बजाड़ इसी अदालत से चौकीदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं।' 26 वर्षीय युवक ने कहा, 'मेरे पिता का हमेशा से सपना था कि उनके तीन बेटों में से एक बेटा जज बने। आखिरकार मैंने उनका सपना पूरा कर दिया है।' पिता को अपना आदर्श बताने वाले बजाड़ ने बताया कि उन्होंने कानून में स्नातक की उपाधि हासिल की है और सिविल जज वर्ग-दो की भर्ती परीक्षा में उनका चयन चौथे प्रयास में हुआ।

बहरहाल, सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले इस युवक की दुनिया इस चयन के बाद बदल गई है और कई लोग उनकी कामयाबी की कहानी को सोशल मीडिया पर भी साझा कर रहे हैं। बजाड़ ने कहा, 'न्यायाधीश की महती जिम्मेदारी भरी कुर्सी पर बैठने के बाद मेरा प्रयास रहेगा कि लोगों को अदालत में जल्द से जल्द इंसाफ मिले।'

(This is only an advertisement for information purposes and not a prospectus announcement)

ALPHALOGIC

ALPHALOGIC TECHSYS LIMITED

Our Company was originally incorporated as Alphalogic Inc (Proprietorship firm of Mr. Anshu Goel) at Pune, Maharashtra in the year 2016. With the introduction of two more persons in the business namely Mr. Dhananjay Subhash Goel and Mrs. Neha Anshu Goel on March 17, 2018, we have converted the Proprietorship firm into a Partnership firm. Subsequently we have converted the Partnership firm into a Company in the name and style of Alphalogic Techsys Limited on December 13, 2018 bearing Corporate Identification Number U72501PN2018PLC180757 vide Certificate of Incorporation issued by the Registrar of Companies, Pune, Maharashtra. For further details of change in name and registered office of our Company, please refer to section titled "*History and Certain Corporate Matters*" beginning on page no 85 of the Prospectus.

**Registered office:** 405, Pride Icon, Near Columbia Asia Hospital, Kharadi Bypass Road, Pune, Maharashtra-411014, India. **Contact Person:** Shailesh Gadgil, Company Secretary & Compliance Officer; **Tel No.:** 0727-6701155. **E-Mail:** info@alphalogiclimited.com; **Website:** www.alphalogicinc.com; **CIN:** U72501PN2018PLC180757

OUR PROMOTERS: MR. ANSHU GOEL AND MR. DHANANJAY SUBHASH GOEL

**INITIAL PUBLIC ISSUE OF 7,36,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF ALPHALOGIC TECHSYS LIMITED (THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹84/- PER EQUITY SHARE, INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹74/- PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE"), AGGREGATING TO ₹618.24 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 36,800 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹84/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹30.912 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTIONS BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE of 6,99,200 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹84/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹587.328 LAKHS IS HERE IN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 26.51% AND 25.19% RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAIDUP EQUITY SHARE CAPITAL OF THE COMPANY.**

All the investors applying in a public issue shall use only Application Supported by Blocked Amount (ASBA) facility for making payment providing details about the bank account which will be blocked by the Self Certified Syndicate Banks (**"SCSBs"**) as per the SEBI circular CIR/CFD/POLICYCELL/11/2015 dated November 10, 2015. As an alternate payment mechanism, Unified Payments Interface (UPI) has been introduced (vide SEBI Circular Ref: SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 1, 2018) & SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/76 dated June 28, 2019 as a payment mechanism in a phased manner with ASBA for applications in public issues by retail individual investors. For further details, please refer to section titled "*Issue Procedure*" beginning on page 151 of the Prospectus. In case of delay, if any in refund, our Company shall pay interest on the application money at the rate of 15 % per annum for the period of delay.

**THIS OFFER IS BEING MADE IN TERMS OF CHAPTER IX OF THE SEBI (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIRMENT) REGULATIONS, 2018 (THE "SEBI ICDR REGULATIONS") READ WITH RULE 19(2)(b)(i) OF SCRR AS AMENDED. THIS ISSUE IS A FIXED PRICE ISSUE AND ALLOCATION IN THE NET OFFER TO THE PUBLIC WILL BE MADE IN TERMS OF REGULATION 253(2) OF THE SEBI (ICDR) REGULATIONS, 2018. *(For further details see "The Issue" beginning on page no. 30 of the Prospectus.)* A copy has been delivered for filing to the Registrar of Companies as required under sub-section 4 of Section 26 of the Companies Act, 2013.**

**For further details please refer the section titled *'Issue Procedure'* beginning on page 151 of the Prospectus**

**FIXED PRICE ISSUE AT ₹ 84/- PER EQUITY SHARE**

**THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES IS ₹ 10 EACH AND THE ISSUE PRICE IS 8.4 TIMES OF THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. THE APPLICATION MUST BE FOR A MINIMUM OF 1,600 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 1,600 EQUITY SHARES THEREAFTER. FOR FURTHER DETAILS PLEASE REFER TO "*SECTION XI - ISSUE INFORMATION*" BEGINNING ON PAGE 144 OF THE PROSPECTUS.**

ISSUE PROGRAMME
ISSUE OPEN ON: AUGUST 26, 2019
ISSUE CLOSE ON: AUGUST 28, 2019

ASBA*
Simple, Safe, Smart way of Application!!!
Mandatory in public issue. No cheque will be accepted

UPI now available in ASBA for retail individual investors.

*ASBA is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account. For further details check section on ASBA below."
*ASBA has to be availed by all the Investors. UPI may be availed by Retail Individual Investors.

For details on the ASBA and UPI process, please refer to the details given in ASBA form and General Information Documents and also please refer to the section "*Issue Procedure*" beginning on page 151 of the Prospectus.

**CONTENTS OF THE MEMORANDUM OF THE COMPANY AS REGARDS TO ITS OBJECTS:** For information on the main objects of the Company, please see "*Our History And Certain Other Corporate Matters*" on page 85 of the Prospectus and Clause III of the Memorandum of Association of the Company. The Memorandum of Association of the Company is a material document for inspection in relation to the Offer. For further details, please see "*Material Contracts and Documents for Inspection*" on page 195 of the Prospectus.

**AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE:** The authorised share capital, issued, subscribed and paid up share capital of the Company as on the date of the Prospectus is as follows: The Authorised Share Capital of the Company is ₹ 300.00 lakhs divided into 30,00,000 Equity Shares of ₹10/- each. The Issued, Subscribed and Paid-up share capital of the Company before the Issue is ₹ 203.99 lakhs divided into 20,39,970 Equity Shares of ₹10/- each. Proposed Post issue capital : ₹ 277.597 Lakhs divided into 27,75,970 Equity Shares of ₹10 each. For details of the Capital Structure, see the section "*Capital Structure*" on the page 41 of the Prospectus.

**NAMES OF THE SIGNATORIES TO THE MEMORANDUM OF ASSOCIATION OF THE COMPANY AND THE NUMBER OF EQUITY SHARES SUBSCRIBED BY THEM:** Given below are the names of the signatories of the Memorandum of Association of the Company and the number of Equity Shares subscribed for by them at the time of signing of the Memorandum of Association: Equity shares of face value of ₹ 10/- each were allotted to a) Anshu Goel - 60,000 Equity Shares; b) Dhananjay Subhash Goel - 30,000 Equity Shares; c) Neha Goel - 6,600 Equity Shares; d) Vedant Goel - 3,370 Equity Shares; e) Subhash Goel - 10 Equity Shares; f) Sushila Goel - 10 Equity Shares; g) Abhishek Goel - 10 Equity Shares.

**LIABILITY OF MEMBERS:** Liability of members of Company is Limited.

**RISK IN RELATION TO THE FIRST ISSUE:** This being the first issue of the issuer, there has been no formal market for the securities of the issuer. The face value of the equity shares is ₹ 10/- each and the issue price is 8.4 times of face value of the equity share. The issue price should not be taken to be indicative of the market price of the equity shares after the equity shares are listed on the BSE Start-up segment under SME Platform of BSE Limited. No assurance can be given regarding an active or sustained trading in the equity shares of our company or regarding the price at which the equity shares will be traded after listing.

**GENERAL RISKS:** Investment in equity and equity related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this offer unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this offering. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of the issuer and the offer including the risks involved. The securities have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India (SEBI) nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of this document. Specific attention of investors is invited to the statement of '*Risk factors*' beginning on page no. 17 of the Prospectus.

**BASIS FOR ISSUE PRICE:** Please refer "*Basis for Issue Price*" beginning on page 55 of the Prospectus.

**COMPANY'S ABSOLUTE RESPONSIBILITY:** The Company, having made all reasonable inquiries, accepts responsibility for and confirms that this Prospectus contains all information with regard to our Company and the issue, which is material in the context of the issue, that the information contained in this Prospectus is true and correct in all material aspects and is not misleading in any material respect, that the opinions and intentions expressed herein are honestly held and that there are no other facts, the omission of which makes this Prospectus as a whole or any of such information or the expression of any such opinion or intentions misleading in any material respect.

**LISTING:** The Equity Shares of our company issued through this Prospectus are proposed to be listed on the BSE Start-up segment under SME Platform of BSE Limited. In terms of the Chapter IX of the SEBI ICDR Regulations, as amended from time to time, our company has received "in-principal" approval letter dated August 07, 2019 from BSE for using its name in this offer document for listing of our shares on the BSE Start-up segment under SME Platform of BSE Limited. For the purposes of the issue, the Designated Stock Exchange will be BSE Limited ("BSE").

**DISCLAIMER CLAUSE OF SEBI:** Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulation 2018, A copy of the Prospectus has been filed with SEBI after filing of the Offer document with Registrar of Companies in term of Regulation 246 of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018 and Sec 26(4) of Companies Act 2013. However, SEBI shall not issue any observation on the Offer document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However investors may refer to the entire "*Disclaimer Clause of SEBI*" beginning on page 136 of the Prospectus.

**DISCLAIMER CLAUSE OF THE EXHANGE (BSE LIMITED):** It is to be distinctly understood that the permission given by BSE Limited ("BSE") should not in any way be deemed or construed that the contents of the Prospectus or the price at which the equity shares are offered has been cleared, solicited or approved by BSE nor does it certify the correctness, accuracy or completeness of any of the contents of the Prospectus. The investors are advised to refer to page no. 139 of the Prospectus for the full text of the Disclaimer Clause of the BSE.

| LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
|---|---|---|
| FINSHORE Creating Enterprise Managing Values<br>**FINSHORE MANAGEMENT SERVICES LIMITED**<br>Anandlok", Block-A, 2nd Floor, Room No. 207, 227 A.J.C Bose Road, Kolkata - 700020, West Bengal; **Telephone:** +91 – 33 – 22895101<br>**Email:** ramakrishna@finshoregroup.com<br>**Website:** www.finshoregroup.com<br>**Investor Grievance Email:** info@finshoregroup.com<br>**Contact Person:** Mr. S. Ramakrishna Iyengar<br>**SEBI Registration No:** INM000012185<br>**CIN No:** U74900WB2011PLC169377 | CAMEO<br>**CAMEO CORPORATE SERVICES LIMITED**<br>"Subramanian Building", #1, Club House Road, Chennai - 600 002, India. **Telephone:** +91-44-40020700, 28460390<br>**Facsimile:** +91-44-28460129<br>**Email:** investor@cameoindia.com<br>**Contact Person:** Mr. R.D. Ramasamy, Director<br>**Website:** www.cameoindia.com<br>**SEBI Registration Number:** INR000003753<br>**CIN No:** U67120TN1998PLC041613 | **Mr. Shailesh Gadgil**<br>**Alphalogic Techsys Limited**<br>405, Pride Icon, Near Columbia Asia Hospital, Kharadi Bypass Road, Pune, Maharashtra-411014, India<br>**Tel No.:** 0727-6701155<br>**E-Mail:** info@alphalogiclimited.com<br>**Website:** www.alphalogicinc.com<br>Investors may contact our Company Secretary and Compliance Officer and / or the Registrar to the Issue and / or the Lead Manager, in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as nonreceipt of letters of allotment, credit of allotted Equity Shares in the respective beneficiary account or refund orders, etc. |

**Availability of Prospectus :** Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and investors are advised to refer to the Prospectus and the Risk Factor contained therein, before applying in the Issue. Full copy of the Prospectus will be available at the website of SEBI at www.sebi.gov.in; the website of the Stock Exchange at www.bseindia.com, the website of Lead Manager at www.finshoregroup.com and website of Issuer Company at www.alphalogicinc.com

**Availability of Application form :** Application forms can be obtained from the Registered Office of **ALPHALOGIC TECHSYS LIMITED** and the Lead Manager to the Issue - Finshore Management Services Limited. Application Forms will be available at the selected location of registered brokers, Banker to the Issue, RTA and Depository Participants. Application Forms can be obtained from the website of Stock Exchange and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available on the website of BSE & SEBI.

**Applications Supported by Blocked Amount (ASBA):** Investors have to compulsorily apply through the ASBA process. ASBA has to be availed by all the investors. The investors are required to fill the application from and submit the same to the relevant SCSB's at the specific locations or registered brokers at the broker centres or RTA or DP's. The SCSB's will block the amount in the account as per the authority contained in application form. On allotment, amount will be unblocked and account will be debited only to the extent required to be paid for allotment of shares. Hence, there will be no need of refund. The ASBA application forms can also be downloaded from the website of BSE. ASBA application forms can be obtained from the Designated Branches of SCSB's, the list of banks that are available on website of SEBI at www.sebi.gov.in and website of Stock Exchange at www.bseindia.com. For more details on ASBA process, please refer to the details given in application forms and Prospectus and also please refer to the Section "*Issue Procedure*" beginning on page 151 of the Prospectus.

**UNIFIED PAYMENTS INTERFACE (UPI):** Investors are advised to carefully refer SEBI circular SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 1, 2018 and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2019/76 dated June 28, 2019 for the procedure to be followed for applying through UPI. Retail Individual Investors have to apply through UPI mechanism. Retail Individual Investors whose bank is not live on UPI as on the date of this Circular, may use the other alternate channels available to them viz. submission of application form with SCSB or using the facility of linked online trading, demat and bank account.

**BANKER TO THE ISSUE\SPONSOR BANK:** ICICI Bank Limited.

**Investor should read the Prospectus carefully, including the Risk Factors beginning on page 17 of the Prospectus before making any investment decision.**

For **ALPHALOGIC TECHSYS LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Managing Director

**Place :** Pune
**Date :** August 22, 2019

**ALPHALOGIC TECHSYS LIMITED** is proposing, subject to market conditions and other considerations, a public issue of its Equity Shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Pune, Maharashtra. The Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager at www.finshoregroup.com, website of the BSE at www.bseindia.com and website of Issuer Company at www.alphalogicinc.com. Investor Should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details, investors should refer to and rely on the Prospectus, including the section titled "*Risk Factors*" as appearing in the Prospectus. The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act ("the Securities Act") or any state securities laws in United States and will not be issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of U.S. persons" (as defined in Regulation S under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act 1933.

CONCEPT

epaper.jansatta.com

# अजिंक्य रहाणे ने भारत को संभाला

## भारत का शीर्षक्रम लड़खड़ाया, पुजारा-कोहली सस्ते में आउट

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), 22 अगस्त (भाषा)।

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल विश्वसनीय शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए जिससे वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टैस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन 40 ओवर के बाद भारत ने चार विकेट पर 110 रन बनाए। भारतीय पारी संवारने की जिम्मेदारी अब अंजिक्य रहाणे (नाबाद 38) पर है। उनके साथ हनुमा विहारी छह रन पर खेल रहे हैं।

भरोसेमंद चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली सहित तीन विकेट पहले आठ ओवर में गंवाने के बाद भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टैस्ट के शुरुआती दिन लंच तक तीन विकेट पर 68 रन बनाए। वेस्ट इंडीज की तरफ से केमार रोच ने 12 रन देकर दो और शैनोन गैब्रियल ने 26 रन देकर एक विकेट लिया। कप्तान जैसन होल्डर ने भी अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। दोनों टीमों के लिए विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के इस शुरुआती मैच में भारत ने पहले टॉस और फिर पांचवें ओवर में मयंक अग्रवाल और पुजारा के विकेट गंवाए।

सुबह की बारिश के कारण खेल देरी से शुरू हुआ और पिच में नमी थी। ऐसे में ड्यूक गेंदों का सामना करना भारतीयों के लिए आसान नहीं रहा और रोच और गैब्रियल ने इसका पूरा फायदा उठाया। रोच की आगे पिच कराई गई गेंदों में मूवमेंट था जिन्हें खेलने में भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी हुई। अग्रवाल (पांच) और पुजारा (दो) इसी तरह की गेंदों पर विकेट के पीछे कैच देकर पवेलियन लौटे। कोहली (नौ) भी दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए।



वेस्ट इंडीज के खिलाफ बल्लेबाजी करते केएल राहुल।

**भारत पहली पारी** केएल राहुल 44, मयंक अग्रवाल का होप बो रोच 05, चेतेश्वर पुजारा का होप बो रोच 02, विराट कोहली का ब्रूक्स बो गैब्रियल 09, अजिंक्य रहाणे खेल रहे हैं 10, हनुमा विहारी खेल रहे हैं 6
गेंदबाजी : रोच 6-1-12-2, गैब्रियल 7-1-26-1, होल्डर 6-4-8-0, कमिंस 5-0-18-0

भारतीय सलामी जोड़ी ने बेहद सतर्कता बरती। अग्रवाल ने रोच की ओवरपिच गेंद को बेहतरीन टाइमिंग से चार रन के लिए भी भेजा लेकिन पारी का पांचवां ओवर भारतीय टीम पर भारी पड़ गया। रोच की गेंद अग्रवाल के बल्ले के बेहद करीब से गुजरी तथा गेंदबाज और विकेटकीपर शाई होप सहित सभी करीबी क्षेत्ररक्षकों ने जोरदार अपील की लेकिन अंपायर रिचर्ड कैटलबोरोग टस से मस नहीं हुए।

होल्डर ने कुछ देर विचार करने के बाद रिव्यू लिया और 'अल्ट्राएज' से पता चला कि गेंद बल्ले को स्पर्श करके गई थी। अग्रवाल की जगह लेने उतरे पुजारा ने दो रन लेकर खाता खोला लेकिन इसी ओवर की आखिरी गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर होप के दस्तानों में चली गई। लगभग सात महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहा भारतीय भरोसेमंद केवल चार गेंद का ही सामना कर पाया। कोहली ने शुरू से ही सकारात्मक बल्लेबाजी की और गैब्रियल पर दो खूबसूरत चौके जमाए। लेकिन इस तेज गेंदबाज ने उनकी लगातार शॉर्ट पिच गेंदों पर परीक्षा ली। कोहली ऐसी ही गेंद पर खुद को कट करने से नहीं रोक पाए और प्वाइंट पर आसान कैच दे बैठे।

## सिंधू, प्रणीत क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत और प्रणय बाहर

बासेल (स्विट्जरलैंड), 22 अगस्त (भाषा)।

दो बार की रजत पदक विजेता पीवी सिंधू ने फिर से दमदार प्रदर्शन करके गुरुवार को विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सिंधू ने महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बीवान च्यांग को 21-14, 21-6 से हराया। इस मैच को जीतने में उन्होंने केवल 34 मिनट का समय लिया। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पिछले साल इंडिया ओपन के फाइनल में अपनी नौंवी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी से हार गई थी।

बी साई प्रणीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी एंथोनी सिनिसुका गिनटिंग को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उनके हमवतन भारतीय एचएस प्रणय को हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणीत ने 42 मिनट में छठे वरीय इंडोनेशिया के एंथोनी को 21-19, 21-13 से हराया। क्वार्टर फाइनल में प्रणीत का सामना इंडोनेशिया के एक अन्य खिलाड़ी चौथे वरीय और एशियाई खेलों के गत चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी से हो सकता है।

इससे पहले प्रणय ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी केंतो मोमोता को पहले गेम में कड़ी टक्कर दी लेकिन इसके बावजूद जापान के खिलाड़ी को 21-19, 21-12 से जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाए। प्रणय के खिलाफ मोमोता की पांच मैचों में यह पांचवीं जीत है।

## खबर कोना



लैक्मे फैशन वीक के दौरान भारतीय हरफनमौला हार्दिक पंड्या।

### मिलेनियम सिटी मैराथन के ब्रांड दूत बने मिलिंद सोमण

गुरुग्राम, 22 अगस्त (भाषा)।

अभिनेता और फिटनेस प्रमोटर मिलिंद सोमण को एक दिसंबर को होने वाली मिलेनियम सिटी मैराथन के पांचवें सत्र का ब्रांड दूत बनाया गया है। एमसीएम और गुड़गांव नगर निगम मिलकर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इसका आयोजन करेंगे। सोमण ने कहा कि दौड़ना फिटनेस का सबसे अच्छा रूप है और मुझे इस मैराथन से जुड़कर काफी खुशी हो रही है। पहली बार इस मैराथन में बच्चों की दौड़ का वर्ग भी होगा जिसमें 12 वर्ष और उससे अधिक उम्र के बच्चे पांच किलोमीटर दौड़ेंगे। मैराथन की वेबसाइट पर 15 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन होगा।

### आइसीसी ने जोनाथन हाल को अपना वकील नियुक्त किया

दुबई, 22 अगस्त (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने गुरुवार को जोनाथन हाल को अपना वकील और कंपनी सचिव नियुक्त किया। हाल को फुटबॉल और रग्बी जैसे खेलों में 27 साल तक वकालत का अनुभव है। आइसीसी ने बयान में कहा कि हाल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर और ब्रिटेन में कई खेल संगठनों में वरिष्ठ सलाहकार की भूमिका निभाई है जिसमें यूएफा और लारेस भी शामिल हैं। हाल ने 11 साल तक द फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) के साथ संचालन निदेशक के रूप में काम किया और वह नियामक और संचालन से जुड़े सभी मुद्दों को देखते थे। आइसीसी के सीईओ मुन साहनी ने कहा कि मुझे विस्तृत वैश्विक खोज के बाद जोनाथन की क्षमता के वकील का आइसीसी में स्वागत करने की खुशी है जो हमारी विधिक इकाई के प्रमुख होंगे।

### अंकिता अमेरिकी ओपन क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से बाहर

न्यूयार्क, 22 अगस्त (भाषा)।

भारत की शीर्ष महिला एकल खिलाड़ी अंकिता रैना तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हार के साथ अमेरिकी ओपन की महिला एकल क्वालीफाइंग स्पर्धा से बाहर हो गईं। दुनिया की 194वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को चेक गणराज्य की डेनिसा अलर्तोवा के खिलाफ बुधवार रात हुए मुकाबले में दो घंटे और 17 मिनट में 7-6(5), 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

## बांगड़ की जगह राठौड़ होंगे बल्लेबाजी कोच

मुंबई, 22 अगस्त (भाषा)।

पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौड़ भारतीय क्रिकेट टीम के नए बल्लेबाजी कोच होंगे। वह संजय बांगड़ की जगह लेंगे जबकि भरत अरुण और आर श्रीधर क्रमशः गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच बने रहेंगे। एमएसके प्रसाद की अगुआई वाली सीनियर राष्ट्रीय चयनसमिति ने सहयोगी स्टाफ के इन तीनों अहम पदों के लिए तीन-तीन नामों की सिफारिश की थी। हितों के टकराव से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद प्रत्येक वर्ग में जिन कोच के नाम शीर्ष पर हैं उन्हें नियुक्त किया जाएगा।

पचास वर्षीय राठौड़ ने 1996 में भारत की तरफ से छह टैस्ट और सात वनडे मैच खेले लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली। घरेलू क्रिकेट में हालांकि पंजाब की तरफ से उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। वह कुछ साल पहले

**एमएसके प्रसाद की अगुआई वाली सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति ने सहयोगी स्टाफ के इन तीनों अहम पदों के लिए तीन-तीन नामों की सिफारिश की थी।**

(2016) तक संदीप पाटील की अगुआई वाली सीनियर चयनसमिति के सदस्य थे। चयनसमिति की सिफारिशों के अनुसार वर्तमान बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ दूसरे और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज मार्क रामप्रकाश तीसरे नंबर पर हैं।

जहां तक अरुण का सवाल है तो इसमें संदेह नहीं कि उनके रहते हुए भारतीय गेंदबाजी आक्रमण विश्वस्तरीय बना है। भारत 'ए' के कोच पारस म्हाम्ब्रे दूसरे और पूर्व गेंदबाजी कोच वेंकटेश प्रसाद को इस सूची में तीसरे स्थान पर रखा गया। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह रहा कि जोंटी रोड्स को क्षेत्ररक्षण कोच के पहले तीन दावेदारों में भी जगह नहीं मिली। श्रीधर का इस पद पर बने रहना तय था। भारत ए और अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच अभय शर्मा दूसरे और टी दिलीप को तीसरे स्थान पर रखा गया है।

राठौड़ ने इससे पहले एनसीए बल्लेबाजी सलाहकार और अंडर-19 बल्लेबाजी कोच पद के लिए आवेदन किया था लेकिन उनका आवेदन रोककर रखा गया था क्योंकि उनके रिश्तेदार आशीष कपूर अंडर-19 चयनसमिति के अध्यक्ष हैं। बीसीसीआइ सीईओ राहुल जोहरी ने पत्रकारों से कहा कि विक्रम राठौड़ को पर्याप्त अनुभव है और हमें कोच के रूप में उनके कौशल पर विश्वास है।

## पाक से डेविस कप मुकाबला नवंबर तक स्थगित

नई दिल्ली, 22 अगस्त (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने गहन सुरक्षा समीक्षा के बाद पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले भारत के डेविस कप मुकाबले को नवंबर तक स्थगित कर दिया। हालांकि मौजूदा परिस्थितियों के बावजूद आयोजन स्थल के रूप में इस्लामाबाद को बरकरार रखा गया है। भारत दोनों देशों के बीच बढ़े हुए राजनयिक तनाव के बीच इस मुकाबले को तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करने या फिर स्थगित करने की अपील बार-बार कर रहा था। इसके बाद आइटीएफ की डेविस कप समिति ने बैठक के बाद मुकाबले को स्थगित करने का फैसला किया। नई तारीखों का पता नौ सितंबर तक चलेगा।

आइटीएफ ने कहा कि वह 'असाधारण परिस्थितियों' में मुकाबले को स्थगित कर रहा है। उसके एक अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र विशेषज्ञ सुरक्षा सलाहकारों द्वारा पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति की गहन सुरक्षा समीक्षा के बाद डेविस कप समिति ने भारत और पाकिस्तान के बीच इस्लामबाद में 14-15 सितंबर को होने वाले डेविस कप एशिया/ओसियाना ग्रुप एक मुकाबले को स्थगित करने का फैसला किया है। बयान के अनुसार, 'समिति निष्कर्ष पर पहुंची है कि यह असाधारण परिस्थिति हैं और आइटीएफ की पहली प्राथमिकता खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों की सुरक्षा है। यह मुकाबला अब नवंबर में होगा और इसकी तारीखों की पुष्टि समिति नौ सितंबर तक करेगी। आइटीएफ ने कहा कि वह पाकिस्तान की स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और डेविस कप समिति मुकाबले को लेकर सुरक्षा स्थिति के पुनः मूल्यांकन के लिए दोबारा बैठक करेगी।

## अमरिंदर सिंह ने बलबीर सिंह सीनियर के लिए की भारत रत्न की मांग

चंडीगढ़, 22 अगस्त (भाषा)।

पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर महान हॉकी खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की है। अमरिंदर ने मोदी को लिखे पत्र में 95 वर्ष के बलबीर को अपने दौर का लाजवाब खिलाड़ी बताया।

उन्होंने लिखा कि मैं आपका ध्यान इस विषय की ओर इंगित कराना चाहता हूं और अनुरोध करता हूं कि आजादी के बाद भारत के सबसे सम्मानजनक और असाधारण खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर को भारत रत्न से नवाजा जाए। उन्होंने लिखा,'श्री बलबीर सिंह सीनियर हॉकी के महान खिलाड़ी हैं और ओलंपिक 1948, 1952 और 1956 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वह 1956 ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान भी थे।'

उन्होंने आगे लिखा,'उनके योगदान को देखते हुए उन्हें 1957 में पदमश्री से नवाजा गया। मैं अनुरोध करता हूं कि भारत रत्न के लिए श्री बलबीर सिंह सीनियर के नाम पर गौर किया जाए।' बलबीर को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने आधुनिक ओलंपिक इतिहास के 16 महानतम खिलाड़ियों में चुना था। ओलंपिक हॉकी फाइनल में सर्वाधिक गोल का उनका रेकार्ड आज तक कायम है। उन्होंने हेलसिंकी ओलंपिक 1952 में नीदरलैंड के खिलाफ फाइनल में भारत की 6-1 से जीत में पांच गोल दागे थे। वह विश्व कप 1975 विजेता भारतीय टीम के मैनेजर भी थे।

## रोनाल्डो ने कहा, मेस्सी ने मुझे बेहतर खिलाड़ी बनाया

लिस्बन, 22 अगस्त (एएफपी)।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्वीकार किया कि लियोनल मेस्सी से लंबे समय से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता ने उन्हें बेहतर खिलाड़ी बनाया। वह अर्जेंटीना के इस महान फुटबॉलर से बेहतर प्रतिस्पर्धा का पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।

पुर्तगाल के इस फुटबॉलर ने यह भी स्वीकार किया कि वह और मेस्सी साथ में घूमते फिरते नहीं हैं। उन्होंने पुर्तगाल में एक टीवी चैनल से कहा कि मैं उनकी उपलब्धियों का मुरीद हूं। वह पहले ही कह चुके हैं कि मेरे स्पेन छोड़ने से वह निराश हैं क्योंकि इस प्रतिद्वंद्विता में उन्हें भी मजा आता था।

## उम्मीद से पहले मिल गया द्रोणाचार्य पुरस्कार : बावा

मुंबई, 22 अगस्त (भाषा)।

जमीनी स्तर पर काम करने के लिए प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चुने गए हॉकी कोच मर्जबान पटेल ने कहा कि उन्होंने इस सम्मान की उम्मीद की थी लेकिन उन्होंने नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी उन्हें यह मिल जाएगा। मुंबई हॉकी में 'बावा' के नाम से मशहूर 69 बरस के पटेल ने कहा कि वह उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए मेंटर की तरह हैं।

कोच के रूप में तीन दशक के करिअर के दौरान बावा ने ओलंपियन एड्रियन डिसूजा, हाफ बैक वीरेन रासक्विंहा के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के देवेंद्र और युवराज वाल्मिकी जैसे खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाए। बावा ने कहा कि कोचिंग सिर्फ कोचिंग देना नहीं है। कोचिंग से अधिक जबान (संवाद के संदर्भ में) की जरूरत होती है कि आप लड़कों और उनके माता-पिता को कैसे प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि जो लड़के आगे आ रहे हैं उनके माता-पिता उनका आधार हैं। आपको अपने बच्चों की तरह उन्हें देखना होता है। आपको उनसे पूछना होता है कि अभ्यास के लिए क्यों नहीं आए। आपको माता-पिता से पूछना होगा कि वे कहां गए थे। एक कोच में इस तरह का अनुशासन होना चाहिए। बावा ने स्वीकार किया कि वह काफी बड़े खिलाड़ी नहीं थे लेकिन अपने मूल मंत्रों पर चलते हुए जमीनी स्तर पर सफल कोच बने।

दो सप्ताह बाद 20 बरस के हो जाएंगे शुभमन | **क्रिकेट** | युवी ने दबाव का सामना करना सिखाया

## द्रविड़ की सलाह ने गिल को किया मजबूत

नई दिल्ली, 22 अगस्त (भाषा)।

शुभमन गिल के स्ट्रोक्स भले ही विराट कोहली की तरह हों लेकिन क्रिकेट के प्रति रवैया राहुल द्रविड़ से प्रभावित है। उन्होंने इस युवा खिलाड़ी को हर हालत में अपने स्वाभाविक खेल पर डटे रहने की सलाह दी है। दो सप्ताह बाद 20 बरस के होने जा रहे गिल सिर्फ दो वनडे खेलने के बावजूद चर्चा में बने हुए हैं। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वेस्ट इंडीज दौरे के लिए टीम में उनका चयन नहीं होने पर हैरानी जताई थी।

इस महीने की शुरुआत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दोहरा शतक जड़ने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बने गिल ने कहा कि राहुल सर भारतीय अंडर-19 टीम और फिर भारत 'ए' के समय से मेरे कोच हैं। उनसे सबसे अच्छी सलाह जो मुझे मिली, उसे मैं हमेशा जेहन में रखता हूं। वह कहते थे कि हालात कुछ भी हो, मुझे अपना स्वाभाविक खेल नहीं बदलना है। मैं वेस्ट इंडीज 'ए' के खिलाफ दोहरे शतक को लाल गेंद के क्रिकेट से अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा।

स्वाभाविक खेल दिखाने पर भी अनुकूल नतीजे नहीं मिले तो, यह पूछने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि यदि तकनीकी रूप से मुझे मजबूत बनना है तो अपने बेसिक खेल के भीतर ही सारे बदलाव होने चाहिए। राहुल सर ने मुझसे कहा कि यदि मैंने अपना खेल बदला तो वह स्वाभाविक नहीं होगा और उससे सफलता नहीं मिलेगी। उनका फोकस चुनौतियों का मानसिक रूप से सामना करने पर ही रहेगा।




शुभमन गिल

फ्रंटफुट पर गिल के कवर ड्राइव की तुलना कोहली के स्ट्रोक से की जाती है लेकिन उन्होंने कहा कि यह उनका स्वाभाविक शॉट है। उन्होंने कहा कि मैं स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक खेलता हूं। बचपन से ही मैंने स्पिनरों को खूब खेला है। स्पिनरों की मददगार विकेट पर खेलते हुए मैंने यह स्ट्रोक खेलने में महारत हासिल की। वेस्ट इंडीज में लिस्ट ए मैचों में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहे गिल ने कहा कि उस श्रृंखला से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। मैं इस तरह की पारियों को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बड़े स्कोर में बदलना चाहता हूं।

तमाम सुर्खियों के बावजूद गिल के पैर जमीन पर हैं और उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके बारे में क्या कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैदान से बाहर आने पर ही आपको पता चलता है कि आपके बारे में क्या कहा जा रहा है। मैदान पर उतरने के बाद यह सब भूल जाते हैं। आप सिर्फ मैच जीतने पर फोकस करते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा एक करोड़ 80 लाख रुपए में खरीदे गए गिल को दबाव का सामना करने का शऊर युवराज सिंह ने सिखाया।

## 'फिट भारत अभियान' के लिए सलाहकार समिति गठित

नई दिल्ली, 22 अगस्त (भाषा)।

सरकारी अधिकारियों, भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) के सदस्यों, राष्ट्रीय खेल महासंघ, निजी संस्थाओं और फिटनेस प्रमोटरों की मौजूदगी वाली समिति का गठन किया गया है। ये 'फिट भारत अभियान' पर सरकार को सलाह देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त को इस अभियान को लांच करेंगे। बयान के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य लोगों को रोजमर्रा के जीवन में शारीरिक गतिविधियों और खेलों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

खेल मंत्री किरन रिजीजू की अध्यक्षता वाली 28 सदस्यीय समिति में सरकार के 12 सदस्य होंगे जिसमें खेल, माध्यमिक शिक्षा, आयुष और युवा मामलों जैसे विभागों के सचिव शामिल हैं।

आइओए अध्यक्ष और सात राष्ट्रीय खेल महासंघों के अध्यक्षों को भी इसमें जगह मिली है जिसमें मुक्केबाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल और साइकिलिंग भी शामिल हैं।

निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा शिल्पा शेट्टी और मिलिंद सोमन जैसी अपनी फिटनेस के लिए मशहूर बालीवुड हस्तियों को भी इसमें शामिल किया गया है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 278, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।


MARUTI SUZUKI
NEXA
DRIVE WHAT INSPIRES YOU.
Drive home your favourite NEXA hatchback and discover the new.
CREATE. INSPIRE.
BALENO
IGNIS
SPECIAL INTEREST RATE
8.99%
VISIT YOUR NEAREST DEALERSHIP TO GET EXCITING CONSUMER AND EXCHANGE OFFERS UP TO ₹ 45,000/-.*
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE
DELHI: NEXA OKHLA PHASE 1 (PREM MOTORS PH: 011-42900000, 7065074531), NEXA JANAKPURI (DD MOTORS PH: 9081900800), NEXA ROHINI SECTOR 10 (SAYA AUTOMOBILES LTD. PH: 9582777477), NEXA GREEN PARK (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290099520),
NEXA DILSHAD GARDEN (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007962), NEXA WEST PUNJABI BAGH (JAGMOHAN AUTOMOTIVES PVT. LTD. PH: 7290054930), NEXA WAZIRPUR (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 9582668646), NEXA GT KARNAL ROAD (RANA MOTORS PH: 7289999111),
NEXA MOTI NAGAR (AAA VEHICLEADES PVT. LTD. PH: 8448993400), NEXA MOHAN CO-OPERATIVE (PLATINUM MOTO CORP PH: 011-40347777, 9899118890), NEXA MAYAPURI (KRISH AUTOMOTORS PH: 7838555076), NEXA DWARKA SECTOR 14 (COMPETENT AUTOMOBILES COMPANY PH: 8860011600),
NEXA PREET VIHAR (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290091122), NEXA DWARKA SECTOR 9 (MAGIC AUTO PH: 7290055667), NEXA PITAMPURA (KRISH MOTORS PH: 7838555047), NEXA AKSHARDHAM (FAIRDEAL CARS PH: 9999525161), NEXA NARELA (DD MOTORS PH: 9081900800),
NEXA KAILASH COLONY (RANA MOTORS PH: 9999788886), NEXA RAJOURI GARDEN (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525750), NEXA GHAZIPUR (MAGIC AUTO PH: 9871755000), NEXA LAJPAT NAGAR (BAGGA LINK MOTORS PH: 9818199367),
NEXA GOKULPURI (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9870194313), NEXA KAROL BAGH (DD MOTORS PH: 9081900800), GREATER NOIDA: NEXA IND AREA GREATER NOIDA (ROHAN MOTORS PH: 8744000600), REWARI: NEXA DELHI ROAD (DINCO 4 WHEELS LLP PH: 7082100301),
MANESAR: NEXA IMT MANESAR (PLATINUM MOTO CORP PH: 9953345344), FARIDABAD: NEXA FARIDABAD CENTRAL (VIPUL MOTORS PH: 9599814771), NEXA MATHURA ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9999120572), NEXA NIT (BVA AUTO PH: 1294121212),
GHAZIABAD: NEXA SAHIBABAD (MOTORCRAFT SALES PH: 8130582222), NEXA MEERUT ROAD (ROHAN MOTORS LTD. PH: 9599040601), GURGAON: NEXA MG ROAD (PASCO AUTOMOBILES PH: 9711290001), NEXA GOLF COURSE ROAD (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525740),
NEXA SOHNA ROAD (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 0124-2877000, 7290025353), NEXA SECTOR 62 (VIPUL MOTORS PH: 9205899710), NEXA IDC SEC 14 (PREM MOTORS PH: 124-4440000, 7065074501), NEXA RAJIV CHOWK GURGAON (RANA MOTORS PH: 8585991111),
NOIDA: NEXA SECTOR 10 (FAIR DEAL CARS PH: 9953993450), NEXA SECTOR 1 (ROHAN MOTORS PH: 8376800026), NEXA SECTOR 63 (VIPUL MOTORS PH: 9599814775), SOHNA: NEXA SOHNA (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000).
*Terms and conditions are applicable. This special interest rate is at the sole discretion of financier and is applicable only for selected NBFC partners of MSIL. Offers include consumer offers and Exchange offers. The Terms and Conditions are subject to change without any prior notice. Customer can avail either the Special Interest Rate or the Offers as shown above. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Accessories/colors/features shown may not be part of standard equipment and are for indicative purposes only. Images used are for illustration purposes only. Offers shown above are applicable and may vary subject to the Model and Variant purchased. Offer as shown above may change without prior notice. All offers applicable till 31st Aug'19.
SUZUKI
connect
A REVOLUTIONARY WAY TO CONNECT TO YOUR CAR
Vehicle Tracking
Emergency Alert
Driving Behaviour Analysis
Live Vehicle Status
Vehicle Alerts
Offered separately as Genuine NEXA Accessory